卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: । आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम् ।
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् । वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये ।

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 151 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦10 मार्च 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

# धामी ने दी 8275.51 करोड़ की सौगात



देहरादून/रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यसेवक सदन देहरादून से वर्चुअल माध्यम से प्रदेश के कुल 8275.51 करोड़ की 122 विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इसमें 7227.36 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास व 1048.15 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण किया गया। जिसमें जनपद ऊधम सिंह नगर गदरपुर में केन्द्र पोषित जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत 9.03 करोड़ की लागत की बरीराई पेयजल योजना का लोकार्पण शामिल है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने वर्चुअल सम्बोधित करते हुए कहा कि आज एक ऐतिहासिक दिन है क्योंकि आज से पहले इतनी बड़ी धनराशि का लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम नही हुआ। इसके लिए उन्होंने प्रशासन व जनता को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में किये गये विकास कार्यों के शिलान्यास व लोकार्पण उत्तराखण्ड के विकास को नई उड़ान देंगें और मील का पत्थर साबित होंगें। उन्होने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाना हमारा लक्ष्य है इसके लिए सरकार दिन रात कार्य कर रही है। प्रदेश को सक्षम, मजबूत व आत्मनिर्भर बनाने हेतु सरकार हर सम्भव प्रयास कर रही है। उन्होंने सभी से प्रदेश के विकास में अपना योगदान देने की (शेष पृष्ठ सात पर)

# युवक का शव मिलने से सनसनी, हत्या की आशंका

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। काठगोदाम थाना क्षेत्र में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मौत को लेकर हत्या की आशंका जताई जा रही है। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पायी है। जानकारी के मुताबिक काठगोदाम थाना क्षेत्र के रानीबाग में शीतला मंदिर के पीछे सोनकोट के जंगल में रविवार सुबह एक युवक का शव बरामद किया गया है। आस पास के लोगों ने शव देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। प्रथम दृष्टया युवक की हत्या होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त के प्रयास किये लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो पायी। मृतक की उम्र 22 से 25 वर्ष बताई जा रही है। शव दो तीन दिन पुराना होने की संभावना है। मृतक का शरीर गलने लगा था। फिलहाल पुलिस युवक की शिनाख्त के प्रयास कर रही है।

# महिला से दुष्कर्म का प्रयास

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सामान लेकर घर जा रही एक महिला को रास्ते से युवक ने जबरदस्ती पकड़ लिया और कमरे में ले जाकर उससे दुष्कर्म का प्रयास किया। पीड़िता ने कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रीत विहार क्षेत्र की निवासी एक महिला ने रम्पुरा पुलिस को दी तहरीर में कहा कि 7 मार्च की रात करीब 8 बजे मां के साथ सामान लेकर घर जा रही थी। रास्ते में एक युवक ने उसका रास्ता रोक लिया और जबरदस्ती पकड़ कर कमरे में ले गया। उससे छेड़छाड़ कर अश्लील हरकतें करने लगा। उसने दुष्कर्म का प्रयास किया। शोर मचाने पर धमकी देने लगा। बड़ी मुश्किल से उसकी चंगुल से निकल कर आई। महिला ने पुलिस से युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए जान (शेष पृष्ठ सात पर)

# 15 लाख की नगदी के साथ पांच सटोरिये गिरफ्तार



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसओजी और पुलिस टीम ने सट्टे के बड़े खेल का खुलासा किया है। टीम ने 15 लाख की नगदी के साथ पांच सटोरियों को गिरफ्तार कर लिया। एसपी सिटी प्रकाश चंद्रा ने खुलासा करते हुए बताया कि मंगल पड़ाव में मैच फिक्सिंग के माध्यम से ऑनलाइन और ऑफलाइन सट्टे का कारोबार चल रहा था। जो एक घर से संचालित हो रहा था। मुखविर से सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर दबिश दी और वहां से विशाल गुप्ता पुत्र मुकेश गुप्ता निवासी गली न० 9 रामपुर रोड हल्द्वानी के कब्जे से कुल 2,30,000 नकद एवं 2 मोबाइल फोन, रोहित गुप्ता पुत्र धर्मपाल गुप्ता निवासी धान मिल बरेली रोड हल्द्वानी के कब्जे से कुल 1 लाख 70 हजार रूपये नकद एवं एक मोबाइल फोन, सट्आ सरगना मनोज कुमार गुप्ता पुत्र गंगा शरण गुप्ता निवासी रामपुर रोड गली न० 9 हल्द्वानी के कब्जे से कुल 8 लाख 1640 रूपये नगद एवं 6 मोबाइल फोन, 3 अदद सट्टा रजिस्टर, 1 कैलकुलेटर, अभिषेक (शेष पृष्ठ सात पर)



# योग विश्व शांति के लिए बेहद जरूरी : राज्यपाल

## अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव से सराबोर हो रहा है परमार्थ निकेतन ऋषिकेश में 75 देशों के 1400 से अधिक योग साधक भाग ले रहे

देहरादून/ऋषिकेश (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश में आयोजित 'अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव-2024' में प्रतिभाग किया। इस दौरान राज्यपाल गंगा आरती में भी शामिल हुए। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस महोत्सव में 75 देशों के 1400 से अधिक योग साधक भाग ले रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि पतित पावनी मां गंगा के पावन तट पर योग साधकों का एक अद्भुत समागम है। उन्होंने कहा की आप सभी योग के ब्रांड एम्बेसडर हैं, योग सिखकर आप सभी एक कर्मयोगी बन गए हैं। राज्यपाल ने कहा कि विश्व की योग राजधानी के रूप में जाना जाने वाला, ऋषिकेश सदियों से आध्यात्मिक प्रकाश और समग्र कल्याण का प्रतीक रहा है। उन्होंने कहा कि योग पूरे विश्व को एक सूत्र में बांधने का कार्य करता है। योग एक क्रिया ही नहीं बल्कि मन, मस्तिष्क और आत्मा को जोड़कर आपको अंतरात्मा से भी जोड़ता है। योग द्वारा हमारे मन, मस्तिष्क और आत्मा को शांति मिलती है। उन्होंने कहा कि योग हमारी आध्यात्मिक प्रगति का मार्ग है।राज्यपाल ने कहा कि योग हमें अलगाव नहीं बल्कि जोड़ना सिखाता है। योग विश्व शांति के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने कई वर्षो से निरंतर अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव की गंगा अविरल बहाने को एक बड़ी योग साधना बताया। उन्होंने योग को विश्व के कोने-कोने तक पहुंचाने के लिए परमार्थ निकेतन के प्रमुख स्वामी चिदानंद मुनि के प्रयासों की सराहना की। राज्यपाल ने कहा की भारत जी-20 की अध्यक्षता के साथ 'वसुधैव कुटुम्बकम' की महान भावना का विस्तार कर रहा है। 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' का जो संकल्प है, उसमें योग एक महान साधन बन रहा है। उन्होंने परमार्थ निकेतन में आये विभिन्न देशों के सभी योग साधकों, शिक्षकों और प्रेरकों का स्वागत किया और परमार्थ निकेतन के परमाध्यक्ष स्वामी चिदानंद मुनि को इस भव्य आयोजन के लिए हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर परमार्थ निकेतन की साध्वी भगवती सरस्वती सहित विभिन्न देशों के योग साधकों ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। परमार्थ निकेतन ऋषिकेश में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के दिन प्रात: कालीन बेला में देश विदेश से योग जिज्ञासुओं को योगाचार्य चिंतक विचारक लेखिका डॉक्टर राधिका नागरथ ने आदि योगी शिव के बारे में बताते हुए कहा कि शिव ही सृष्टि के आदि है और शिव ही अंत है। शिव की महिमा अपार है।वे जनजन को प्रिय है। उन्होंने कहा कि ऋषिकेश में परमार्थ निकेतन निकेतन में गंगा के पावन तट पर गंगा की धारा के समानांतर योग की धारा बह रही है, जो विश्व का कल्याण कर रही है।उन्होंने कहा कि स्वामी चिदानंद मुनि और साध्वी भगवती ने योग को विश्व रूप प्रदान किया है उनके इस योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता है। डॉ राधिका नागरथ ने योग की कक्षाओं का शुभारंभ श्री गणेश की वंदना के साथ किया और भगवान शिव भगवान राम कृष्ण की स्तुतियां गाई और योग जिज्ञासुओं को भारतीय संस्कृति से रूबरू कराया। मानसिक शांति में योग और भजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने भजन गया।भजन गायन मेंडॉक्टर राधिका के साथ हारमोनियम पर सुनील सागर ने तबले पर संगत दी और कई भजन गाए। इस अवसर पर अरुणाचल प्रदेश से आए स्कूल और कॉलेज के छात्र- छात्राओं ने डॉ। राधिका नागरथ के साथ भगवान शिव की स्तुति गई और श्रोता झूम उठे।





# हाउस आफ हिमालयास उत्पादों की ब्रांडिंग के लिए स्वयं सहायता समूहों को भी जोड़ा जाएगा : सीएम

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आज सचिवालय स्थित विश्वकर्मा भवन सभागार में हाउस आफ हिमालयास ब्रांड को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किए जाने तथा उत्तराखण्ड के उत्पादों की अभिवृद्धि हेतु मीक्षा बैठक आयोजित हुई। मुख्यमंत्री को समीक्षा बैठक में अधिकारियों ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से हाउस आफ हिमालयास ब्रांड को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किए जाने तथा उत्तराखण्ड के उत्पादों की अभिवृद्धि हेतु किए जा रहे प्रयासों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में 21 उत्पाद तथा द्वितीय चरण में 22 उत्पादों को ग्लोबल बनाने के लिए कार्य किया जायेगा, जिसमें ग्राम्य विकास, वन, कृषि, उद्योग, सहकारिता सहित नीदरलैण्ड बेस्ड कम्पनी वूमन ऑन विंग्स का भी सहयोग प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री ने बैठक में कौन-कौन से प्रोडक्ट होंगे, उत्पादों की खरीददारी, कहां-कहां पर इनके स्टोर होंगे, इसमें कौन-कौन से पदाधिकारी होंगे आदि के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा करते हुए इनकी स्वीकृति प्रदान की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हाउस आफ हिमालयास ब्रांड के अन्तर्गत जो भी उत्पाद रखे जाएं, उनकी गुणवत्ता, पैकेजिंग आदि पर विशेष ध्यान देते हुए इस ब्राण्ड से आमजन, स्वयं सहायता समूहों आदि को भी जोड़ा जाए तथा जल्द से जल्द इसकी शुरूआत की जाए। इस पर अधिकारियों ने बताया कि गुणवत्ता कण्ट्रोल के लिए एक टीम गठित की जाएगी, जो इस ब्राण्ड के अन्दर आने वाले उत्पादों की निरन्तर मॉनिटरिंग करेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने हाउस आफ हिमालया सब्रांड के अन्तर्गत आने वाले उत्पादों का लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री गणेश जोशी, श्री सुबोध उनियाल, मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव श्री आर.के. सुधांशु, सचिव श्रीमती राधिका झा, श्री विनय शंकर पाण्डेय, श्री विनोद कुमार सुमन सहित संबंधित पदाधिकारी एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।



# भाजपा चुनाव प्रचार वाहन को झंडी दिखाकर किया रवाना

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव की तैयारियों के तहत केंद्र तथा प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में संचालित की जा रही कल्याणकारी योजनाओं व कराए जा रहे विकास कार्यों को जन जन तक पहुंचाने के लिए आज बगवाड़ा स्थित भाजपा जिला चुनाव कार्यालय से पार्टी के चुनाव प्रचार वाहन विडियो



वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस मौके पर प्रदेश मीडिया सह संयोजक भारत भूषण चुघ, लोकसभा संयोजक विवेक सक्सेना, निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह, धर्म सिंह कोली, सुनील ठुकराल, योगेश वर्मा, विमला मंडोला, स्वाती शर्मा, ममता त्रिपाठी, प्रीति घीक, गजेंद्र प्रजापति, मयंक कक्कड़, चंद्रसेन कोली, पुष्कर बिष्ट, बिट्टू चौहान, अनिल चौहान आदि मौजूद थे।

# किशोर पंत हल्द्वानी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बने

हल्द्वानी। हल्द्वानी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर नजदीकी लड़ाई में किशोर पंत ने जीत दर्ज करने में सफलता हासिल की है। किशोर पंत महज 20 मतों के अंतर से जीतने में सफल रहे। इनके अलावा मोहन सिंह बिष्ट सचिव, सुनील पुंडीर उपाध्यक्ष और भगवती पलड़िया ने महिला उपाध्यक्ष पद पर जीत हासिल की।नैनीताल रोड स्थित जजी परिसर में बृहस्पतिवार को बार एसोसिएशन के चुनाव के लिए मतदान हुआ था। इसमें 738 वकीलों ने वोट दिया था। मतदान के बाद मतगणना शुरू हुई। देर रात तक कुछ पदों के प्रत्याशियों का परिणाम घोषित कर मतगणना रोक दी गई थी।शुक्रवार सुबह 10 बजे दोबारा मतगणना शुरू हुई। सबसे कड़ा मुकाबला अध्यक्ष पद के लिए रहा। हल्द्वानी बार एसोसिएशन के दो बार अध्यक्ष रह चुके गोविंद सिंह बिष्ट और किशोर पंत के बीच शुरु से ही कड़ा मुकाबला हुआ। मतगणना शुरू होने के बाद से ही गोविंद बिष्ट के जीतने को लेकर सभी जगह कयास लगने लगे थे। अंतिम राउंड में किशोर पंत ने 20 वोट के अंतर से जीत दर्ज कर अध्यक्ष पद पर कब्जा किया। वहीं महिला उपाध्यक्ष पद पर भगवती पलड़िया ने अपनी प्रतिद्वंद्वी सुलक्षणा श्रीवास्तव को चार सौ से अधिक मतों के बड़े अंतर से हराया। देर शाम चुनाव अधिकारी दीवान सिंह बिष्ट ने परिणाम घोषित किए। इसमें संयुक्त सचिव पद पर योगेश लोहनी, संयुक्त सचिव प्रेस के पद पर योगेंद्र कुमार पाठक, कोषाध्यक्ष पद पर आदित्य कुमार शर्मा, लेखाधिकारी पद पर राजेंद्र प्रसाद पांडे ने जीत दर्ज की। अध्यक्ष किशोर पंत- 373 गोविंद सिंह बिष्ट-353 उपाध्यक्ष सुनील पुंडीर- 298 जितेंद्र सिंह बोरा- 208 धर्मेंद्र सोलंकी- 168 संजय कुमार- 53 उपाध्यक्ष महिला भगवती पलड़िया- 565 सुलक्षणा श्रीवास्तव-145 सचिव- मोहन सिंह बिष्ट-252 ललित मेर- 183 संतोष कुमार नेगी- 163 जितेंद्र सिंह बिष्ट-121संयुक्त सचिव - योगेश लोहनी- 315विपिन कुमार- 204 प्रदीप लोहनी- 204 संयुक्त सचिव प्रेस- योगेंद्र कुमार पाठक-377 सुधांशु तिवारी-282 रविंद्र पाल सिंह तोमर- 63 कोषाध्यक्ष- आदित्य कुमार शर्मा- 362 चंदन बोरा- 331 लेखाधिकारी-राजेंद्र प्रसाद पांडे- 422 गौरव सिंह बिष्ट- 284।

# गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग को लेकर किया सांकेतिक बंद

रूद्रपुर ।गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग को लेकर आयोजित भारत बंद के समर्थन में रविवार को प्रात: गौ रक्षा दल के साथ व्यापारी नेताओं की अगुवाई में तमाम व्यापारियों ने 10 मिनट तक अपने प्रतिष्ठान सांकेतिक रूप से बंद रखे। इस दौरान गौरक्षक दल व व्यापार मंडल के पदाधिकारियों सहित भारी संख्या में लोगों ने गौ माता को राष्ट्रीय माता घोषित को लेकर नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि हिन्दू संस्कृति में गौ माता का पूजा की जाती है। गौ माता को राष्ट्रीय माता घोषित करने से विश्व में भारत का सम्मान और बढेगा। इस दौरान व्यापार मंडल महामंत्री मनोज छावड़ा, कोषाध्यक्ष संदीप राव, विराट कुमार आर्य, सुनील सतसंगी, राधे सतसंगी, शोभित यादव, शोभित चौधरी, हिमांशु शर्मा, कुलदीप खुराना, बॉबी टुटेजा, विशाल कोहली, अमन कश्यप, शिवम राय, विक्रांत राठौर, अंकित उपाध्याय, राजेन्द्र प्रसाद, चन्द्रपाल मौर्या, अलंकार, ममता जीना, विमला, अलका सिन्हा, जीना शर्मा, आकाश भौसाड़ी, विपिन, विशाल यादव आदि मौजूद थे।



# गड्ढे में ट्रैक्टर गिरने से किसान की मौत

खटीमा। खटीमा में गन्ने के खेतों की तरफ जा रहे एक ट्रैक्टर के सड़क किनारे गड्ढे में गिरने से सवार किसान की मौत हो गई। किसान की मौत से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पति की मौत की सूचना पाकर पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार के सदस्यों को सांत्वना देने के लिए दिनभर घर में लोगों का तांता लगा रहा। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। गांगी निवासी उमेश कुमार (37) शनिवार सुबह करीब 10 बजे ट्रैक्टर में सवार होकर ऐंचताबिही मार्ग स्थित अपने गन्ने के खेतों की ओर जा रहे थे। परिजनों ने बताया कि रास्ते में अचानक उनके ट्रैक्टर के आगे कोई जानवर आ गया था। जानवर को बचाने के दौरान उनका ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित गड्ढे में गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अफरा-तफरी के बीच अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। किसान की मौत की सूचना पाकर पहुंचे विधायक भुवन कापड़ी ने सांत्वना दी। उमेश अपने पीछे पत्नी और तीन बच्चों को रोता छोड़ गया।



# एआरटीओ ने लगाया तीन लाख का जुर्माना, ट्रक सीज

रुद्रपुर। जिले में बिना टैक्स व परमिट के दौड़ रहे वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। एआरटीओ ने छह साल से बिना टैक्स व परमिट के चल रहे ट्रक को पकड़कर सीज कर दिया और तीन लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) निखिल शर्मा ने बताया कि शनिवार को सिडकुल को जाने वाले मार्ग पर चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान एक ट्रक को पकड़कर कागजातों की जांच की गई तो 2017 से टैक्स जमा नहीं होना पाया गया। वहीं 2016 से वाहन की न तो फिटनेस कराई गई थी और न ही परमिट ही था। इस पर टैक्स अदायगी के लिए ढाई लाख रुपये और फिटनेस व परमिट न बनने पर करीब 50 हजार रुपये के जुर्माने की कार्रवाई की गई है। एआरटीओ शर्मा ने बताया कि यातायात के नियमों का उल्लंघन कर चलने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षों का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर गोष्ठी आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत वर्षों की भांति सिक्स सिग्मा इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस रूद्रपुर में कॉलेज ऑफ पॉलिटेक्निक तथा कालेज ऑफ फार्मेसी, कॉलेज ऑफ नर्सिंग एवं कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास के साथ संस्थान की शिक्षिकाओं व छात्राओं द्वारा किया गया। महिला दिवस का मूल विषय 'इन्वेस्ट इन वूमेन एक्सीलरेट प्रोग्रेस' है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रुद्रपुर की मनोवैज्ञानिक श्रीमती रिया त्रिपाठी ने शिरकत की तथा कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रवजलित करके संस्थान निदेशिका डॉ. सीमा अरोरा एवं मुख्य अतिथि रिया त्रिपाठी, जया वर्मा एवं नेहा मंडल (महिला समिति अध्यक्ष), दीपिका देउपा, मिली मंडल, कल्पलता सिंह (विभागाध्याक्ष), अन्य शिक्षकाओं एवं पूनम यादव द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। इस कार्यक्रम में श्रीमती रिया त्रिपाठी के कहा कि महिलाओं को एक दूसरे को प्रोत्साहित करना चाहिए महिलाओं के अलावा अन्य वर्गों के प्रति संवेदनशीलता होनी चाहिए और हमें इंसानी तौर पर भी खुद का विकास करना चाहिए। श्रीमती रिया त्रिपाठी द्वारा भेजे गए गूगल फॉर्म में छात्राओं द्वारा पूछे गए



प्रश्नों के उत्तर भी दिए एवं एक वीडियो द्वारा हार्ट फुलनेस संस्था के अध्यक्ष कमलेश डी. पटेल (दाजी) ने बताया कि महिलाओं की सबसे बड़ी खासियत उनकी विनम्रता होती है। इस कार्यक्रम के पश्चात शेफाली, पलक, रितिका द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। महिला दिवस के अवसर पर शिक्षिकाएं शिल्पा विश्वकर्मा, हिमानी सामंत, संगीता भाकुनी ने 'इन्वेस्ट इन वूमेन एक्सीलरेट प्रोग्रेस' टॉपिक पर अपनी-अपनी पी.पी.टी. प्रस्तुत की तथा संस्थान की निदेशिका डॉ. सीमा अरोरा ने सभी शिक्षिकाओं एवं छात्राओं को महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा कि महिलाओं में असीम क्षमताएं हैं इन क्षमताओं को विकसित करने के लिए हृदय आधारित गुणों जैसे प्रेम, विनर्मता, करुणा, दया, सहानुभूति को अपनाना होगा और साकारत्मक सोच के साथ आगे बढना होगा। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन पर संस्थान के अध्यक्ष राजेश डावर, उपाध्यक्ष प्रीत ग्रोवर, प्रबंध निदेशक शिव अरोरा, मैनेजमेंट मेंबर वंश डाबर एवं शौर्य अरोरा, कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य डॉ विजय सिंह, डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग के प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट एवं अन्य शिक्षकों ने बधाई दी एवं कार्यक्रम के दौरान सभी शिक्षिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

# शीतकालीन पौधरोपण का हुआ समापन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गत 26 जनवरी से प्रारंभ किए गए शीत कालीन पौधारोपण कार्यक्रम का गत दिवस माध्यमिक विद्यालय ढोकाने में पौधा वितरण के साथ समापन किशत गया। पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी पर्वतीय क्षेत्रों में शीतकालीन पौधरोपण किया हजार अखरोट के पौधे लगाने का प्रयास रहता है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 31 जनवरी को नगर पालिका के सहयोग से नैनीताल शहर के पार्कों में चेरी और सेब के 100 पौधे लगाए गए। जिले के विभिन्न गाँवों में इच्छुक लोगों को पौध निःशुल्क भेंट किए गए। इसी क्रम में विज्ञान के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. शिव दत्त तिवारी व योगेश तिवारी का सहयोग रहा। इससे पूर्व के कार्यक्रमों के संपादन में प्रशिक्षु आई ए एस राहुल आनंद, तेजसिंह राणा, समाजसेवी संजय पांडे, डॉ. शैलेश जोशी, गिरीश उपाध्याय, चंदन पनेरू, मनोज पनेरू, डॉ. हेमंत



गया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे पूर्व जिला आयुर्वेद अधिकारी एवं पर्यावरण कार्यकर्ता आशुतोष पन्त ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से उन्होंने स्वंय के लिए बीस हजार से अधिक पौधे प्रतिवर्ष लगाने का लक्ष्य रखा है। इनमें से पर्वतीय क्षेत्र में शीतकाल में तीन 9 मार्च को ढ़ोकाने माध्यमिक विद्यालय में छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के बारे में और पॉलिथीन से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक किया गया। छात्रों अभिभावकों को अखरोट के पौधे भेंट किए। सुयालबाड़ी क्षेत्र में भी लोगों को पौधे भेंट किए गए। कार्यक्रम में वनस्पति जोशी, दीपक मेवाड़ी, डिकर मेवाड़ी, मनोज पन्त का विशेष सहयोग रहा। डॉ. आशुतोष पन्त ने कहा कि हम सभी को अपने अपने स्तर पर जितना हो सके पर्यावरण को बचाने का प्रयास करना चाहिये। पेड़ लगाकर जिम्मेदारी के साथ उनकी देखभाल भी करनी चाहिए।

# मेरा विरोध करना आसान है पर मेरे जितना क्षेत्र का विकास करना आसान नहीं: बेहड़

किच्छा(उद संवाददाता)। ग्राम महाराजपुर लालपुर की 1.5 किलोमीटर सडक के निर्माण हेतु 2.08 करोड़ रूपयें स्वीकृत कराये जाने पर ग्रामीण खुशी से झूम उठे उन्होंने बेहड का बड़ी गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। भारी तादाद में ग्रामवासियों ने ढोल नगाड़े बजाते हुए विधायक बेहड को गांव में घुमाया और उनका आभार कर मिष्ठान वितरित किया। इस दौरान ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए बेहड़ ने कहा कि उनको चुनाव जीते हुए पूरे 2 साल हो गये हैं। उनके द्वारा पूरी विधानसभा में अभूतपूर्ण विकास कराये जा रहे है अब तक 38 बड़ी सड़कों की मंजूरी कराई जा चुकी है महाराजपुर की यह 38 वी सड़क है इसके अलावा 37 सड़कों पर काम भी प्रारंभ हो चुका है। यें महाराजपुर की 1.5 किलोमीटर की सड़क जो की पिछले लगभग 10 वर्ष की से बहुत ही जर्जर हालत में थी प्राथमिक योजनाओं में भी थी इसके लिए उन्होंने बहुत प्रयास करें तथा देहरादून कई बार अधिकारियों को सड़क निर्माण के लिए आग्रह किया गया चुकी है सड़क बड़ी थी जिस कारण स्वीकृत करने में थोड़ा समय लगा किंतु जब यह सड़क बनाकर



तैयार होगी तो पूरी विधानसभा में ऐसी सडक नहीं होंगी। बेहड ने कहा कि मैं कभी भी वोट को विकास का आधार नहीं मानता जो वोट को विकास का आधार बनाते हैं वह असल में विकास विरोधी होते है, मेरा विरोध करना आसान है लेकिन मेरे जितना विकास करना आसान नहीं है। विकास मेरे खून में है और मेरा शौक भी है मैं इसी प्रकार विकास करता रहूंगा और आगे भी गांव में और विकास कार्य कराए जाएंगे तथा लोकसभा चुनाव के पश्चात इस सड़क पर कार्य भी प्रारंभ हो जाएगा। बेहड़ ने इसके पश्चात ग्राम महाराजपुर में विधायक निधि से निर्मित कराए गए 5 लाख की लागत से बारात घर में टीन शेड के निर्माण कार्य का उद्घाटन भी किया। इस मौके पर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू तिवारी, निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, मेजर सिंह, राजेश प्रताप सिंह, गुरदास कालडा, ग्राम प्रधान शिखा रानी, परविंदर सिंह, सतीश कालरा धर्मपाल कालड़ा, शिवाजी सिंह, संत छाबड़ा, चुगल चराया, मदनलाल छाबड़ा, लालचंद बठला, रवि चावला, दीपक ठुकराल, विनोद ठुकराल, हिमांशु, नरेंद्र ग्रोवर, किशन लाल चिलाना, विनोद ठुकराल, विशंभर बठला, किशनलाल ठकराल, राजकुमार चिलाना, दर्शन लाल छाबड़ा, संतलाल छाबड़ा, किशन ठुकराल सतीश ठुकराल, गणेश व्यापारी, नीतीश कुमार, उत्तम विश्वास, दीपू, राममोहन विजय साहनी, रामप्रताप सिँह, बलराम सिंह, गुलशन सिंधी, डॉक्टर कार्तिक, रंजीत सिँह, जमील अहमद, सुनीता कश्यप, हरविंदर सिंह मोंटी, जगरूप सिंह गोल्डी, सोनी बोरा, प्रेमा भट्ट आदि समेत सैकड़ो की तादाद में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# सकैनिया शिव मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया

गदरपुर/सकैनिया(उद संवाददाता)। शिवरात्रि सकैनिया शिव मंदिर में ग्राम प्रधान संजय चौधरी व समाज सेवियो एवं ग्रामीणों के सहयोग से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जहां भक्तो ने लंगर रूपी प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान क्षेत्र के अनेकों समाजसेवी होने शिव मंदिर पहुंचकर शिव की प्रतिमा के सम्मुख अपना शीश नवाया और जीवन को धन्य किया। आयोजन के दौरान जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सुरजीत सिंह सोनू, कांग्रेसी नेता राजेंद्र पाल सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष देसराज युवा नेता अमन कंबोज, यादराम, संजू, लाखन सिंह लोधी, लेखराज, सुमित, सहित हजारों की संख्या में भक्तों ने लंगर की सेवा में हिस्सा लिया।



# पहले दिन खोले सौ से अधिक खाते

किच्छा(उद संवाददाता)। मल्टी-स्टेट बैंक 'अर्बन को-आपरेटिव बैंक लि० बरेली की नवीन शाखा किच्छा ने अपने शुभारंभ के पहले दिन 100 से अधिक जमा खाते खोले और लगभग रू०150लाख से अधिक जमा करे। गौरतलब है कि किच्छा शाखा का शुभारम्भ गत दिवस मुख्य अतिथि श्रीमती रेनू गंगवार, अध्यक्षा जिला पंचायत द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बैंक के मुख्य प्रवर्तक सांसद संतोष कुमार गंगवार, सभापति सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति, लोकसभा द्वारा की गयी। इस अवसर पर उपस्थित बैंक की अध्यक्षा श्रीमती सौभाग्य गंगवार द्वारा बताया गया कि उत्तर प्रदेश राज्य के बरेली, पीलीभीत एवं शाहजहाँपुर जिलों में 14 शाखाओं के माध्यम से अपनी उत्कृष्ट सेवा से पहचान बनाने वाली अर्बन को- आपरेटिव बैंक लिबरेली ने मल्टीस्टेट होने के उपरान्त अपनी पन्द्रहवीं शाखा किच्छा ब्लाक में प्रारम्भ की है। बैंक के प्रबन्ध निदेशक श्रीपाल कश्यप द्वारा अवगत कराया गया कि यह शाखा अपने ग्राहकों को प्रातः 9:30 बजे से सांय 5:30 बजे तक वर्ष के 365 दिन नकद लेन-देन के साथ-साथ अन्य समस्त बैंकिग सुविधायें उपलब्ध करायेगी। इस नवीन शाखा के शाखा प्रबन्धक श्री अंशुल अग्रवाल ने अवगत कराया कि प्रथम दिन शाखा 150 लाख की धनराशि जमा की गयी। जिसमे100 से अधिक जमा खाते खोले गये।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
05944-245817

# मां बातों में मस्त, मासूम पानी की टंकी में डूबा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गौलापार क्षेत्र में मां और मौसी अन्य महिलाओं के साथ झोपड़ी में बैठ कर बातें कर रही थी और इधर चार साल का बच्चा खेलते-खेलते झोपड़ी के पीछे बनी पानी की टंकी में गिर गया और उसकी मौत हो गई। मौसी पानी लेने गई तो बच्चे के शव को पानी में उतराते देखा। चीख पुकार होने पर सभी परिजन वहां आ पहुंचे। आनन-फानन में परिजन उसे लेकर बेस अस्पताल पहुंचे। लेकिन तब तक उसकी सांस उखड़ चुकी थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार मूलरूप से धारपुर बदायूं उत्तर प्रदेश निवासी नरवीर पिछले करीब 8 साल से देवलाडांठ खेड़ा गौलापार में रहकर बंटाई पर खेती करता है। जबकि उसकी पत्नी रिंकी अपने तीन बच्चों साक्षी (7 वर्ष), विकास (5 वर्ष) और आयुष (4 वर्ष) के साथ ससुराल में रहती थी। बताया जाता है कि करीब 3 माह पहले रिंकी तीनों बच्चों के साथ पति के पास गौलापार आई थी। शनिवार की सुबह रिंकी अपनी बहन शगुन व अन्य महिलाओं के साथ बैठी झोपड़ी में बातें कर रही थी। इसी बीच खेलते हुए आयुष झोपड़ी से बाहर निकल गया। खेलते-खेलते आयुष झोपड़ी के पीछे बनी पानी की टंकी पहुंच गया और उसी में गिर गया। अंदर बातें कर रहे परिवार वालों को इसकी भनक तक नहीं लगी। कुछ देर बाद आयुष की मौसी शगुन पानी लेने टंकी गई तो उसके होश फाख्ता हो गए। आयुष का शव टंकी में उतरा रहा था। यह देख वह चीख पड़ी और मौके पर सारे परिजन आ गए। आनन-फानन में आयुष को लेकर परिजन बेस अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उहो मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजन आयुष के शव को अंतिम संस्कार के लिए बदायूं ले गए।

# पूर्णागिरी धाम आने वाले यात्रियों को मिली सौगात





## सीएम पुष्कर सिंह धामी ने टनकपुर से देहरादून साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन का हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ,सीएम ने यात्रियों के साथ खटीमा तक रेल में किया सफर

चंपावत(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री ने कहा कि टनकपुर एक्सप्रेस के संचालन में टनकपुर से देहरादून तक अनेक महत्वपूर्ण शहरों को सीधे जोड़ा गया है, जिससे लोगों को सुविधा होगी। इस एक्सप्रेस के माध्यम से बनबसा, खटीमा, पीलीभीत, भोजीपुरा, बरेली सिटी,बरेली जंक्शन, चंदोसी, मुरादाबाद, नजीबाबाद, लक्सर, हरिद्वार रेलवे स्टेशन से जुड़े लोगों को यात्रा करने का आसानी से विकल्प भी मिलेगा और उनका समय भी बचेगा। इसके साथ ही यह ट्रेन सेवा इन शहरों से मां पूर्णागिरी के दर्शन करने आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए यातायात का एक बेहतर विकल्प भी बनेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेल स्वर्णिम युग की ओर बढ़ रही हैं। पिछले 10 वर्षों में भारतीय रेलवे को नए भारत की आकांक्षाओं तथा आत्मनिर्भर भारत की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए तैयार किया जा रहा है । 2014 के बाद से भारतीय रेल एक नए रूप में हमारे सम्मुख है। आज जहां एक ओर ब्रॉड गेज रेल लाइनों से मानव रहित रेल क्रॉसिंग को खघ्त्म करके भारतीय रेलवे को पहले से कहीं अधिक सुरक्षित बनाया गया है। वहीं दूसरी ओर आज भारतीय रेलवे की रफ्तार भी पहले से कहीं अधिक बढ़ चुकी है। आज हमारी डबल इंजन की सरकार अंतिम छोर में खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए तमाम योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपद चंपावत के विकास के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। हमने मॉ पूर्णागिरी धाम में धार्मिक पर्यटन गतिविधियों को बढाये जाने के उद्देश्य से पूर्णागिरी मन्दिर रोपवे के निर्माण हेतु 45 करोड की धनराशि स्वीकृत की है। साथ ही ककरालीगेट से पूर्णागिरी धाम तक अवस्थापना सुविधाओं को विकसित करने एवं श्रद्धालुओं की सुलभ सुविधाओं हेतु केदारनाथ की तर्ज पर मास्टर प्लान बनाये जाने हेतु येजना तैयार की जा रही है। शारदा कॉरिडोर के अंतर्गत हरिद्वार तथा ऋषिकेश की तर्ज पर घाट का निर्माण किया जाएगा जहां प्रात: एवं सायं काल आरती प्रतिदिन भव्य रूप से की जाएगी। उन्होंने कहा कि हनुमानगढ़ी-गैंडाखाली-खेतखेड़ा में मोटर्स पुल का 13 करोड़ 77 लाख की लागत से निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिससे वर्षाकाल में मॉ पूर्णागिरी के दर्शन को आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना नहीं करना पडेगा। भारत एवं नेपाल सीमा में व्यापारिक गतिविधियों को बढावा देने एवं आर्थिक गतिविधियों के विकास हेतु 3.82 किलोमीटर के इंडो नेपाल ड्राई पोर्ट का निर्माण 177 करोड की धनराशि से किया जा रहा है। टनकपुर एवं बनबसा क्षेत्र में जल निकासी के कार्य हेतु 130 करोड की डी0पी0आर0 का गठन कर लिया गया है। टनकपुर में 56 करोड़ की लागत से बसटर्मिनल का निर्माण प्रारम्भ कर दिया गया है। कुमांऊ के प्रमुख मन्दिरों को मानसखण्ड कोरिडोर के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिसमें जनपद चम्पावत के लगभग सभी प्रमुख मंदिर हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सभी योजनाओं के पूर्ण होने पर आदर्श और विकसित चंपावत की अवधारणा के साथ करें। उत्तराखंड को श्रेष्ठ एंव अग्रणी राज्य बनाने के अपने "विकल्प रहित संकल्प" के मंत्र को साकार करने में भी हम सफल होंगे। उन्होंने श्रेष्ठ उत्तराखंड निर्माण के लिए सभी से सहयोग और समर्थन की भी अपेक्षा की। इस मौके पर मंडलीय रेल प्रबंधक रेखा यादव ने कहा कि इस रेल सेवा का लाभ सीमांत के चंपावत व पिथौरागढ़ जिले के लोगों को मिलेगा,और सस्ती शुलभ और आरामदायक रेल सेवा मिलेगी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष निर्मल महरा,प्रदेश मंत्री भाजपा हेमा जोशी,विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी,दीपक रजवार,भाजपा महामंत्री मुकेश कलखुडिया,पूर्वोत्तर रेल प्रबंधक रेखा यादव,जिलाधिकारी नवनीत पाण्डे,पुलिस अधीक्षक अजय गणपति सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि,गणमान्य नागरिक,रेलवे प्रशासन एवं जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।





## महिला दिवस पर गोष्ठी एवं सम्मान समारोह आयोजित, दौड़ में काजल प्रथम

गदरपुर(उद संवाददाता)। नेहरू युवा केंद्र उधम सिंह नगर के जिला युवाधिकारी आशीष पाल के निर्देशन पर नेहरू युवा केंद्र उधम सिंह नगर विकासखंड गदरपुर की राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक तनीषा चावला द्वारा सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया गया । महिलाओं की दौड़ प्रतियोगिता मे निर्णायक की भूमिका हनी सैनी द्वारा निभाई गई। राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक तनीषा चावला द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, है बस आवश्यकता है उन शक्तियों को पहचानने की । श्रीमती अंजू सती ने शुभकामनाएं प्रेषित की व अपने अनुभव सांझा किए। श्रीमती रेखा अरोड़ा ने महिला प्रतिभागियों को जागरुक करते हुए कहा कि आज हर क्षेत्र में महिलाएं महिलाओं को उनके वास्तविक अधिकार, सम्मान व अवसर मिलने चाहिए। महिला दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम काजल,द्वितीय मोनिका व तृतीय मंतशा रहीं। दौड़ प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों के द्वारा





अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दौड़ प्रतियोगिता और महिला सशक्तिकरण पर विचार गोष्ठी व सम्मान समारोह का आयोजन ब्लॉक सभागार गदरपुर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी शेखर चंद्र जोशी व नवयुग विद्या मंदिर विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती अंजू सती व श्रीमती रेखा अरोरा द्वारा मां अतिथि व निर्णायक को बैज व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2024 की थीम 'वूमेन फिट तो इंडिया हिट' पर अतिथियों द्वारा अपने विचार महिला प्रतिभागियों के साथ सांझा किए गए।खंड विकास अधिकारी शेखर चंद्र जोशी ने महिला प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि सारी शक्तियां आपके पास आगे बढ़ रही हैं और महिलाएं किसी भी कार्य में पुरुषों से कम नहीं है।पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक मुस्कान चावला ने महिला सशक्तिकरण विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत में महिलाओं को आज सभी क्षेत्रों में वैधानिक रूप से समान अधिकार प्राप्त हैं लेकिन समाज में उन्हें आज भी इसके लिए संघर्ष करना पड़ता है इसलिए समाज में डलभारत किट व प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री तनीषा चावला द्वारा किया गया। कार्यक्रम में श्री राजकुमार अरोड़ा, सूरज गेन, मीडिया प्रभारी श्री जसपाल डोगरा व स. देवेंद्र सिंह एवं चंद्रपाल सैनी के अलावा लगभग 70 महिला प्रतिभागी उपस्थित रहीं ।

## शिव मंदिर में विशाल भंडारा आयोजित

गदरपुर(उद संवाददाता)। वार्ड नंबर 7 स्थित श्री पुरातन शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। नगर व क्षेत्र से आये सैकड़ो की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।शनिवार को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री पुरातन शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व पर महिला संकीर्तन मंण्डल द्वारा कीर्तन किया गया। दोपहर बाद विशाल भण्डारे का आयोजन हुआ। जिसमें नगर व क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान अध्यक्ष जय किशन अरोरा ने कहा कि शिवरात्रि के बाद हर वर्ष लंगर का आयोजन किया जाता है इस लंगर में लोगों का काफी सहयोग मिलता है। इसके लिए उन्होंने श्रद्धालुओं का आभार प्रकट किया । इस मौके पर अध्यक्ष वेद भगत, सुनील जैन, एडवोकेट राजेन्द्र बेहड़, अनिल गुम्बर, राम अवतार गुप्ता, जगदीश कुमार गुप्ता, जगदीश कश्यप, रविन्द्र चावला, राकेश गुम्बर, रोहित सुदामा, सन्नी बत्रा, डीके बाजपेयी, जसपाल डोगरा, सुरजीत बत्रा, प्रवीन भगत, राजू बठला, मोनू ठुकराल, राकेश कश्यप, अरुण नारंग, फूला रानी अरोरा, कृष्णा बत्रा, तुलसी कालड़ा, सरिता कश्यप, संज्ञा रानी, बिन्दु शर्मा सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।




## धरनारत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया समर्थन

गदरपुर(उद संवाददाता)। आंगनवाडी कर्मचारी संगठन की जिलाध्यक्ष मनप्रीत कौर के नेतृत्व में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा किए जा रहे धरना प्रदर्शन एवं कार्य बहिष्कार स्थल पर पहुंचकर एकम सनातन भारत दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ आरके महाजन एवं अन्य कार्यकर्ताओं ने समर्थन दिया।इस मौके पर जिलाध्यक्ष मनप्रीत कौर ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष रेखा नेगी के आह्वान के बाद प्रदेश भर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हड़ताल कर रही हैं और चार मुख्य मांगो को लेकर धरना प्रदर्शन और कार्य बहिष्कार किया जा रहा है लेकिन सरकार की कार्यप्रणाली देखते हुए अभी कोई समझौता नहीं हुआ। इस अवसर पर डॉ,आरके महाजन ने कहा, आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों की जायज मांगों को पूरा करने के लिए सरकार को उनके पक्ष सुनना चाहिए तथा उनकी जायज मांगोंपर जल्द निर्णय लिया जाए। इस मौके पर गीता सक्सेना, शहनाज ,हरभजन कौर,सुनीता रानी ,रेखा रानी, भूपिंदर कौर, परमजीत कौर, आसमां, सरोज रानी, नीलम, सुप्रिया, ममता, गुड़िया,संगीता आशा,शाहिदा सहित सैकड़ो आंगनवाड़ी कार्यकर्ती मौजूद रहीं ।



# स्ट्रांग रूम में व्यवस्थायें पूर्ण करने के निर्देश

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी उदय राज सिंह ने बगवाड़ा मण्डी पहुँचकर प्रस्तावित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान जीएम मण्डी को निर्देश दिये कि मण्डी के सभी व्यापारियों को समय से नोटिस जारी करें ताकि निर्धारित समय से बिना किसी परेशानी के वे अपने कार्यों को मैनेज कर लें, जिससे उनको किसी तरह की कोई परेशानी न हो। उन्होंने सर्म्बधित अधिकारी को निर्देश दिए कि स्ट्रांग रूम में ईवीएम तथा वीवीपेट को धूप, गर्मी, सीलन व चूहों से बचाने के पुख्ता इंतजाम किए जाए। उन्होंने कहा कि स्ट्रांग रूम व मण्डी परिसर में सीसीटीवी कैमरे आवश्यकतानुसार पर्याप्त मात्रा में लगाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सम्बंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि विधानसभावार पोलिंग पार्टियों के लिए व्यवस्थाएं पूर्ण करें। जिलाधिकारी ने अधिशाषी अभियंता लोनिवि को निर्देश दिए कि पूरे प्लान की पुन: जाँच कर सभी आवश्यक कार्य को ससमय पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि फायर, लाइटिंग, पानी, स्वास्थ्य, आदि सभी सुविधाएं दुरुस्त रखें, इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि महिला, पुरूष एवं दिव्यांगजनों के लिए अलग अलग शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा क्राउड मैनेजमेंट, बेरिकेडिंग एवं पत्रकारों के लिए बेहतर व्यवस्था करना सुनिश्चित की जाय। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देश दिए कि पार्किंग के लिए पर्याप्त स्थान की व्यवस्था करें। जिलाधिकारी ने सुरक्षा के दृष्टिगत एएसपी मनोज कत्याल को सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए। उन्होंने वाहनों की पार्किंग तथा कार्मिकों के खान-पान के सम्बन्ध में भी महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी एवं नोडल अधिकारी स्वीप मनीष कुमार, अपर जिलाधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार जोशी, एएसपी मनोज कत्याल, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, कौस्तुभ मिश्र, अभय प्रताप सिंह, गौरव चटवाल, जीएम मण्डी निर्मला बिष्ट, सीओ निहारिका तोमर, नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, एसएनए शिप्रा, अधिशासी अभियंता लोनिवि पीसी पन्त, अधिशासी अभियंता जल संस्थान तरुण शर्मा सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।








**तेरहवीं ब्रम्हभोज**

अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पूज्य पिताजी **श्री सतीश चन्द्र सक्सेना जी** का निधन दिनांक 1 मार्च 2024 को हो गया है। उनकी आत्मिक शांति हेतु **तेरहवीं/ ब्रम्हभोज** दिनांक 11 मार्च 2024 दिन सोमवार को प्रात: 11 बजे हमारे निवास खेड़ा कालोनी वार्ड नं. 19, रूद्रपुर में होगी।

**शोकाकुल**

मुकेश कुमार सक्सेना,एलआईसी अभिकर्ता (पुत्र) मो. 9927438184

नोट: अलग से कार्ड नहीं भेजे जा रहे है, कृपया इसी सूचना को व्यक्तिगत बुलावे की मान्यता दें।


# ड्राप रोबाल खिलाड़ियों का चयन 11 व 12 को

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड ड्राप रोबाल एसोसिएशन के सचिव राजेन्द्र सिंह ने बताया कि भारतीय ड्राप रोबाल महासंघ के अनुसार कुरूक्षेत्र हरियाणा में सीनियर बालक/बालिका ड्राप रोबाल चैंपियनशिप का आयोजन आगामी 29 मार्च से 31 मार्च तक किया जा रहा है। उपरोक्त राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्तराखण्ड की टीम भी प्रतिभाग करने जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश की टीम में प्रतिभाग करने वाले इच्छुक खिलाड़ियों का चयन ट्रायल 11 मार्च को बालिका वर्ग एवं 12 मार्च को बालक वर्ग काशीपुर में होगा। उन्होंने कहा सभी सम्बन्धित खिलाड़ी अपने साथ जन्म प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, दो फोटो, स्थाई प्रमाण-पत्र मूलरूप एवं छायाप्रति साथ लायेंगे।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा का सम्मेलन आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष नन्हे कश्यप की अध्यक्षता में भाजपा ओबीसी मोर्चा का सामाजिक सम्मेलन नगर मंडल में महेश साहू के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। जिसमे मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री नेत्रपाल मोर्या, ओबीसी मोर्चा जिला प्रभारी हरिमोहन अरोड़ा, विशिष्ट अतिथि विनीत अग्रवाल, जिला महामंत्री ओबीसी मोर्चा वीरेंद्र जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष मनोज वर्मा, जिला मंत्री हीरालाल साहू, जिला सोशल मीडिया प्रभारी सुशील साहू, जिला सदस्य आशीष साहू, जिला कार्यालय प्रभारी ओम प्रकाश साहू आदि मौजूद रहे।



# घर-घर पहुंचाएं केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाएं: हर्बोला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में रुद्रपुर विधानसभा के विधानसभा प्रभारी प्रकाश हर्बोला ने लोकसभा चुनाव के निमित्त रुद्रपुर विधानसभा के उत्तरी मंडल एवं दक्षिणी मंडल के पदाधिकारियो की परिचय बैठक ली। जिसमें परिचय प्राप्त करने के साथ ही बूथों के सशक्तिकरण कार्यक्रम मैं क्या क्या कार्य कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए उसकी जानकारी ली। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि अपने बूथों मैं प्रभावशाली विशिष्ट व्यक्तियों से संपर्क करे तथा घर घर जाकर प्रदेश एवं केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे मै विस्तार से बताएं। लाभार्थियों से संपर्क करे तथा जिनको उन योजनाओं का लाभ मिल सकता है उनको लाभ दिलाए। उन्होंने कहा कि चुनाव ही कार्यकर्ताओं की परीक्षा है। उनके बूथों पर मिले हुए वोट ही उनकी कार्य क्षमता का आंकलन करते हैं। जितनी ज्यादा क्षमता होगी उसको उतना ही बड़ा दायित्व देने की पार्टी प्रयास करती है। इसलिए जरूरी है कि हम अपनी कार्य क्षमताओं को बढ़ाएं। अभी निकट समय में ही निकाय चुनाव होने वाले हैं उनमें उनकी क्षमताओं के अनुसार ही पार्टी उम्मीदवार ही तय करेगी।इस दौरान मंडल अध्यक्ष उत्तरी धीरज गुप्ता, दक्षिणी मंडल अध्यक्ष धरम सिंह कोली, मंडल महामंत्री राधेश शर्मा ,राजेश जग्गा, महिला मोर्चा अध्यक्ष माही सकलानी, ममता त्रिपाठी, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष भूप राम लोधी, एससी मोर्चा अध्यक्ष मदन दिवाकर, मंडल उपाध्यक्ष अनिता बजेठा, मनोज मदान, चंद्रपाल, युवा मोर्चा अध्यक्ष नमन चावला, गोविंद शर्मा, किसान मोर्चा अध्यक्ष जग सोरन तथा मंडल के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# निवर्तमान मेयर को लड्डुओं से तोलकर किया सम्मानित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। नजूल भूमि पर मालिकाना हक मिलने पर आदर्श इंदिरा बंगाली कॉलोनी वासियों ने निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह को एक कार्यक्रम में लड्डुओं से तोल कर सम्मानित किया और उनका आभार व्यक्त किया। साथ ही इस मौके पर मौजूद भाजपा नेताओं और निवर्तमान पार्षदों का फूलामालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर रामपाल सिंह ने कहा कि लम्बे संघर्ष के बाद रूद्रपुरवासियों को नजूल भूमि पर मालिकाना हक की सौगात मिली है। सरकार ने गरीबों को नि:शुल्क मालिकाना हक देकर ऐतिहासिक काम किया है। यह सब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की गरीब के कल्याण की सोच की बदौलत ही संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास के ध्येय पर काम कर रही है। नजूल भूमि पर मालिकाना हक इसका प्रमाण है। रामपाल सिंह ने कहा कि दशकों पुरानी नजूल भूमि पर मालिकाना हक की मांग को लेकर उन्होंने पांच वर्ष के कार्यकाल में कोई कसर नहीं छोड़ी। धामी सरकार ने जो तोहफा दिया है निश्चत ही इसका ऋण शहर की जनता आगामी चुनाव में वोट के रूप में चुकायेगी। रामपाल सिंह ने कहा कि जो भी लोग अभी मालिकाना हक से वंचित हैं उन्हें भी शीघ्र मालिकाना हक दिलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में हर वायदा पूरा होता है। जिस तरह से प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पर कोई संदेह नहीं होता। उसी तरह सीएम पुष्कर सिंह धामी भी जनता से किया गया हर वायदा पूरा कर रहे हैं। सीएम धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड हर क्षेत्र में तरक्की कर रहा है। जिसका लाभ आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा को मिलेगा और पार्टी पांचों लोकसभा सीटों पर परचम लहरायेगी। इस अवसर पर दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान, राम प्रकाश गुप्ता,धीरेंद्र मिश्रा, पूर्व सभासद गणेश राय, डॉ ईश्वर मालिक, विनय विश्वास, शैलेंद्र सिंह रावत, सुशील चौहान,प्रमोद शर्मा, भुवन गुप्ता, बबलू सागर,डॉ राकेश सिंह,निमित्त शर्मा, अंबर सिंह, गनोधर गुआ, अशोक राय, रोहित विश्वास, सुरेश विश्वास,रंजीत मंडल, काशीनाथ हजरा, कोंकण विश्वास, गौतम मजूमदार, कोंकण विश्वास, अशोक राय, तपन मजूमदार, रंजन समझदार, विश्वनाथ विश्वास, परितोष सरकार, सुनील राय, विशाल राय, जगदीश कराती, डॉ सपन, नारायण पाल, मंटू हाजरा विमल पाल आदि मौजूद थे।



# ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। ट्रांसपोर्ट नगर चौकी पुलिस ने चौकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को चार पेटी अवैध कच्ची शराब सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार एसएसपी द्वारा अवैध नशा तस्करों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही किए जाने के दिए गए निर्देश के अनुपालन में उमेश कुमार मलिक, प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में दीपक बिष्ट, प्रभारी चौकी ट्रांसपोर्ट नगर व का. अनिल टम्टा व नवीन राणा द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में चेकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को दबोच लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता हरिनंदन कश्यप पुत्र पूरन लाल कश्यप निवासी प्रेमपुर लोस्यानी हल्द्वानी बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 4 पेटी में रखे 10 व्हिस्की के पव्वे समेत कुल 202 पव्वे अवैध शराब के बरामद हुए। पुलिस ने शराब कब्जे में लेकर हरिनंदन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।



# महिला ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को किया सम्मानित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एक समाज श्रेष्ठ समाज द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समाजहित में कार्य कर रही महिला ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को कालाढूंगी रोड़ चौराहा में माला पहनाकर व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू संरक्षक रुपेन्द्र नागर ने कहा कि नारी शक्ति ही एक ऐसी शक्ति है जो सारे देश को सारे समाज को कभी एक माँ के रूप में कभी एक बहन के रूप में कभी एक पत्नी के रूप में तो कभी एक बेटी के रूप में एकता के सूत्र में बांधकर रखती है। इसीलिए आज जरुरत है कि लड़कियों और महिलाओं को स्वयं आगे बढ़कर अपने अधिकारों को पहचानकर सबसे पहले उन्हें खुद को सशक्त और आत्मनिर्भर बनकर उन्हें ये बताना होगा कि उनके अन्दर भी असीम क्षमतायें है उनका वो प्रयोग कर हर चुनौतियों का सामना करने में पूर्ण रूप से सक्षम है। इस दौरान नन्दकिशोर आर्या, बलराम हालदार, उमाकान्त उपाध्याय, अलका टंडन, पूर्णिमा रजवार, चंपा भगत, पूजा जोशी, जानकी कश्यप, सूरज मिस्त्री, सुशील राय, आर्यन प्रजापति, संदीप यादव, कबीर प्रजापति, रोहित कुमार, मुकेश कुमार, सूरज कुम्हार आदि लोग उपस्थित रहे।



# शत प्रतिशत खर्च हुई सांसद निधि:भट्ट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने सांसद निधि न खर्च किए जाने लेकर खबरों को मिथ्या बताते हुए कहा कि उनके स्तर से अब तक संसदीय क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए शत प्रतिशत सांसद निधि खर्च कर दी गई है। नैनीताल और उधम सिंह नगर जिले के मुख्य विकास अधिकारियों को शत प्रतिशत सांसद निधि खर्च के स्वीकृति पूर्व में ही दे दी गई है। श्री भट्ट ने बताया कि इस प्रकार की खबरें झूठ है उनके स्तर पर पूर्ण सांसद निधि विकास कार्यों के लिए दी जा चुकी है। केंद्रीय मंत्री श्री भट्ट ने कहा कि विभिन्न माध्यमों से अनर्गल, झूठी एवं मिथ्या खबरों के माध्यम से भ्रामकता फैलाई जा रही है जिसकी वह कड़ी निंदा करते हैं। श्री भट्ट ने कहा कि उनके द्वारा संसदीय क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के विकास कार्यों के लिए शत प्रतिशत सांसद निधि खर्च की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि दोनों जिलों के मुख्य विकास अधिकारियों को उनके द्वारा सांसद निधि के स्वीकृति पूर्व में ही दे दी गई हैं। श्री भट्ट ने बताया कि संसद अपने स्तर पर सांसद निधि जारी करते हैं और उन विकास कार्यों की मॉनिटरिंग करना प्रशासन का कार्य है उनके द्वारा यदि पूर्ण रूप से शत प्रतिशत सांसद निधि खर्च कर दी गई है तो उन कार्यों को धरातल पर अमली जामा पहनाना प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने नैनीताल और उधम सिंह नगर जिलों के प्रशासन को भी स्पष्ट कहा है कि सांसद निधि पूर्ण रूप से दी जा चुकी है। अब उन सभी कार्यों को पूर्ण करने की जिम्मेदारी प्रशासन की है और उन्होंने पुन: कहा कि उनके स्तर पर संसदीय क्षेत्र की संपूर्ण सांसद निधि विकास कार्यों को स्वीकृत कर धनराशि आवंटित की जा चुकी है।



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## ठगों के चंगुल में फंसते लोग

देवभूमि में ऑन लाईन ठगी के मामले दिनों दिन बढ़ते जा रहे हैं। साईबर ठगों के चंगुल में फंसकर रोजाना तमाम लोग अपने खून पसीने की कमाई को अनजान ठगों के हवाले कर दे रहे हैं। हांलाकि प्रदेश में गठित साईबर क्राईम पुलिस सेल द्वारा भारी संख्या में ऐसे मामलों का खुलासा कर ठगी के शिकार बने कई लोगों को उनकी जमा पूंजी वापस लौटाने में सफलता भली मिली है। इंटरनेट के फैलते दायरे के साथ-साथ इसे ठगी का जरिया बनाने वालों ने जिस तरह लोगों को अपनी कारगुजारियों का शिकार बनाना शुरू कर दिया है, उससे नई तरह की जटिलता खड़ी हो रही है। काल सेंटरों में यह धंधा काफी तेजी से बढ़ रहा है। जिमें कई साईबर ठग शामिल होते हैं। इंटरनेट पर ठगी का यह कारोबार व्यापक रूप ले चुका है। आधुनिक तकनीकों के साथ काल सेंटर के रूप में संगठित रूप से यह कारोबार चलाने वाले ये लोग अब विदेशों में रहने वाले लोगों को अपने झांसे में लेकर उनके कंप्यूटर में वायरस डाल देते थे और इसके बाद उसे ठीक करने के नाम पर उनसे मोटी रकम वसूलते थे। माना जाता है कि इंटरनेट पर होने वाली गतिविधियां आमतौर पर पारदर्शी होती हैं और इस पर अवांछित वसूली करना मुश्किल हो सकता है। मगर इस तरह का फर्जीवाड़ा करने वाले आपराधिक तत्त्व गलत तरीके से लोगों से संबंधित ब्योरा या उनका डेटा हासिल करते हैं। फिर उन्हें आर्थिक अपराधों के जाल में फंसने का डर दिखा कर, कभी कंप्यूटर में वायरस डाल कर या फिर लुभावने आर्थिक प्रस्तावों के जरिए अपनी बातों में फंसाते हैं। इसके बाद मुश्किल से बचाने के नाम पर मोटी रकम वसूलते हैं। उम्मीद यही की गई थी कि आनलाइन माध्यम से होने वाले कामकाज से पारदर्शिता आएगी और इसके सहारे आर्थिक अपराधों को रोका जा सकेगा। मगर अलग-अलग तरीके से खड़े किए गए आनलाइन कारोबार में आए दिन जिस तरह ठगी की घटनाएं सामने आ रही हैं, उससे यही लगता है कि धोखाधड़ी करने वालों ने इस माध्यम में भी अपनी घुसपैठ कर ली है और नए-नए तरीकों से धोखा देकर लोगों से आर्थिक लूट में लिप्त हो गए हैं। यों पुलिस महकमे के साइबर अपराध शाखाओं की ओर से ऐसे तत्त्वों पर लगाम कसने की कोशिश की जाती है, मगर फर्जी काल सेंटर के जरिए धोखाधड़ी के फैलते संजाल पर काबू पाना मुश्किल साबित हो रहा है। साईबर ठग अलग अलग तरीकों को अपनाकर लोगों को अपने झांसे में ले लेते हैं और उनसे हजारों व लाखों की ठगी करते हैं। जिस पर अंकुश लगाना आवश्यक हो गया है। ताकि प्रदेश वासी के धन को साईबर ठगों से सुरक्षित किया जा सके। आये दिन ऑलाईन ठगी के बढ़ते मामले लोगों के लिए मुशीबत का सबबस बन रहा है। लोगों को जागरूकता के साथ ही डिजिटल लेनदेन के लिए पूरी तरह से सावधानी बरतनी चाहिये। साइबर ठगों के चंगुल में अक्सर स्मार्ट फान चलाने वोले लोग फंस रहे हैं। हांलाकि पुलिस का तंत्र भी शातिर साइबर ठगों की धड़पकड़ के लिए हर हथकंडे अपना रही है।

# संसद में घूस की छूट से बच नहीं पाएंगे जनप्रतिनिधि

देश की संसदीय राजनीति के परिप्रेक्ष्य में सर्वोच्च न्यायालय की सात सदस्यीय पीठ ने ऐतिहासिक फैसला दिया है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने इसी न्यायालय की पांच सदस्यीय पीठ के 26 साल पुराने निर्णय को पलटते हुए कहा है कि 'रिश्वत लेकर सदन में वोट देने वाले सांसद और विधायक अब संसदीय विशेषाधिकार की ओट लेकर बच नहीं पाएंगे। इन पर अब घूसखोरी का मुकदमा चलेगा।' दरअसल 1998 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने अपनी अल्पमत सरकार बचाने के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा के सांसदों को घूस दी थी। नतीजतन सरकार को सदन में बहुमत हासिल हो गया था। इस मामले में घूसखोर सांसद मुकदमे से इसलिए बच गए थे, क्योंकि उन्हें विशेषाधिकार का सुरक्षा कवच मिला हुआ था। न्यायालय की पांच सदस्यीय पीठ ने इस सुरक्षा कवच का हवाला देते हुए 'नोट फॉर वोट' के संदर्भ में संसद को ही ऐसे सांसदों पर कार्यवाही करने का अधिकारी माना था। अब इसी फैसले को आमूलचूल बदल दिया गया है। सांसद और विधायक यदि रिश्वत लेकर मतदान करते हैं या अनर्गल भाषण देते हैं, तो उन पर मुकदमा चलेगा। रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार ने जहां जनप्रतिनिधियों के आचरण को अनैतिक बनाने का काम किया है, वहीं संसदीय लोकतंत्र की नींव में मठा घोलने का काम भी किया है। अतएव यह फैसला स्वागत योग्य है। सांसदों के असंसदीय आचरण का ताजा मामला तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा को पैसे के बदले प्रश्न पूछने का आया था। इस अनैतिक और अशोभनीय आचरण के लिए उन्हें सत्रहवीं लोकसभा की सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया था। हाल ही में संपन्न हुए राज्यसभा के चुनावों में उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश में विधायकों ने क्रॉस वोटिंग करके संविधान को साक्षी मानकर ली शपथ कि गरिमा को पलीता लगाने का काम किया था। माननीय प्रतिनिधि संसद और संविधान की संप्रभुता को कैसे खिलवाड़ कर रहे हैं, इनके कारनामे निरंतर देखने में आते रहे हैं। नोट के बदले वोट देने से लेकर संसद में पैसे लेकर सवाल पूछने के स्टिंग ऑपरेशन भी हुए हैं। 1991 के आम चुनाव में कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरकर आई थी।इसके साथ कई क्षेत्रीय दलों के समर्थन से कांग्रेस ने पीवी नरसिम्हा राव के नेतृत्व में सरकार बना ली थी। जुलाई 1993 में इस जोड़तोड़ की सरकार के विरुद्ध मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने सदन में अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था, लेकिन यह प्रस्ताव आखिर में 14 मतों के अंतर से खारिज हो गया था। इसके बाद 1996 में सीबीआई को एक शिकायत मिली ,जिसमें आरोप लगाया गया था कि राव की सरकार को जीवनदान देने के बदले में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कुछ सांसदों और जनता दल के अजीत सिंह गुट को रिश्वत दी गई थी। इस मामले में झामुमो प्रमुख शिवू सोरेन और उनकी पार्टी के चार सांसदों पर नोट लेकर वोट देने का आरोप लगा था।इन सांसदों के बैंक खातों में मिली धनराशि से भी यह पुष्टि हो गई थी कि नोट के बदले वोट देने की कालावधि में ही यह राशि जमा हुई थी। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की सरकार की नैतिक शुचिता पर आंच 22 जुलाई 2008 को तब आई थी,जब उसने लोकसभा में विश्वास मत हासिल किया था। यह स्थिति अमेरिका के साथ गैर-सैन्य परमाणु सहयोग समझौते के विरोध में वामपंथी दलों द्वारा मनमोहन सिंह सरकार से समर्थन वापिसी के कारण निर्मित हुई थी। वामदलों के अलग हो जाने के बावजूद सरकार का वजूद कायम रहा, क्योंकि उसने बड़े पैमाने पर नोट के बदले सांसदों के वोट खरीदे थे। इस मामले में संजीव सक्सेना और सुहैल हिन्दुस्तानी को हिरासत में लिया गया था।इनकी गिरफ्तारी के बाद आए बयानों से जाहिर हुआ था कि सरकार बचाने के लिए वोटों को खरीदने का इशारा शीर्ष नेतृत्व की ओर से हुआ था। क्योंकि सुहैल ने समाजवादी पार्टी के मौजूदा राज्यसभा के सांसद अमर सिंह के साथ सोनिया गांधी के राजनीतिक सचिव अहमद पटेल का भी नाम लिया था। वोट के बदले इस नोट कांड में अमर सिंह के खिलाफ चार्जशीट भी दाखिल हुई थी। यही नहीं इस मामले में अमर सिंह और सुधीर कुलकर्णी को प्रमुख षड्यंत्रकारी आरोपित किया गया था। इस मामले में इन लोगों ने संजीव सक्सेना और भाजपा कार्यकर्ता सुहैल हिन्दुस्तानी के साथ 22 जुलाई 2008 को लोकसभा में विश्वास मत के दौरान भाजपा सांसद अशोक अर्गल, फग्गन सिंह कुलस्ते और महावीर सिंह भगोरा को वोट के बदले घूस दी थी। जिसका लोकसभा में इन सांसदों ने नोटों की गड्डियां लहराकर पर्दाफाश किया था। संसदीय परंपरा और नैतिकता की दुहाई देने वाले प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सरकार बचाने के लिए यह षड्यंत्र अमर सिंह ने रचा था।मनमोहन सिंह पर कठपुतली प्रधानमंत्री, अमेरिका का पिट्ठू, विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के हित साधक के आरोप भले ही लगते रहे हों, किंतु उनकी व्यक्तिगत ईमानदारी पर अंगुली कभी नहीं उठी। पर 22 जुलाई 2008 को नेपथ्य में रहकर जिस तरह से उन्होंने राजनीति के अग्रिम मोर्चे पर शिखण्डी और बृहन्नलाओं को खड़ा करके विश्वास मत पर विजय हासिल की, उससे कांग्रेस की सत्ता में बने रहने की ऐसी विवशता सामने आई थी, जिसने संविधान में स्थापित पवित्रता, मर्यादा और गरिमा की सभी चूलें हिलाकर रख दी थीं। दरअसल जब राजनीति का मकसद ऐन-केन-प्रकारेण सत्ता पर काबिज बने रहने और जायज-नाजायज तरीकों से धन कमाने का हो जाए, तब सवाल संसद में प्रश्न पूछने का हो अथवा विश्वास मत के दौरान मत हासिल करने का, राष्ट्र और जनहित गौण हो जाते हैं। प्रजातंत्र के मंदिरों में जो परिदृश्य दिखाई दे रहे हैं, उनसे तो यही जाहिर होता है कि राष्ट्रीय हित अनैतिक आचरण और बाजारवाद की महिमा बढ़ाने में समर्पित किए जा रहे हैं। पीवी नरसिम्हा राव की अल्पमत सरकार से लेकर विश्वास मत के जरिए मनमोहन सरकार को बचाए जाने तक सांसदों का मोलभाव होता है। महुआ मोइत्रा द्वारा पैसे लेकर सवाल पूछने के मामले ने एक बार फिर तय किया है कि संसद में संविधान की शपथ लेने के बाद भी सांसद संविधान और लोकतंत्र की गरिमा से खिलवाड़ करने से बाज नहीं आ रहे हैं। उस समय सर्वोच्च न्यायालय की पांच सदस्यीय पीठ ने कथित आरोपी सांसदों को संविधान के अनुच्छेद 105 में दर्ज प्रावधान के अंतर्गत छूट दी थी।इसमें प्रावधान है कि किसी सांसद द्वारा संसद के भीतर की गई कार्यवाही को न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती। फिर चाहे वह कोई टिप्पणी हो, दिया गया वोट हो। ऐसे प्रावधान संविधान निर्माताओं ने शायद इसलिए रखे होगें, जिससे जनप्रतिनिधि अपने काम को पूरी निर्भीकता से अंजाम दे सकें ? उन्हें अपनी अवाम पर इतना भरोसा था कि जनता द्वारा निर्वाचित प्रतिनिधि नैतिक दृष्टि से इतना मजबूत तो होगा ही कि वह रिश्वत लेकर न तो अपने मत का प्रयोग करेगा और न ही सवाल पूछेगा ? लेकिन यह देश और जनता का दुर्भाग्य ही है कि जब बच निकलने के ये कानूनी रास्ते सार्वजनिक होकर प्रचलन में आ गए तो सांसद अपने नैतिक और संवैधानिक दायित्व से भी विचलित होने लग गए। किंतु अब सात सदस्यों की पीठ ने इस विशेषाधिकार के रूप में मिले सुरक्षा कवच को खत्म कर दिया है।

**-प्रमोद भार्गव,लेखक/पत्रकार**

# कांग्रेस नेता मनीष खंडूड़ी ने थामा भाजपा का दामन



देहरादून। कांग्रेस की सदस्यता से त्यागपत्र देने के बाद गढ़वाल लोकसभा सीट से प्रत्याशी रहे मनीष खंडूड़ी शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए। पूर्व सीएम मेजर जनरल बीसी खंडूड़ी (सेनि) के बेटे मनीष को भाजपा के प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई गई। भाजपा में शामिल होने के बाद मनीष ने कहा, वह निजी स्वार्थ की वजह से भाजपा में नहीं आए। न तो उन्हें किसी पद की चाहत है न ही टिकट की। कहा, मैंने अभी तक की राजनीतिक यात्रा में यह सीखा है कि इस देश और प्रदेश को कोई आगे ले जा सकता है तो वह भाजपा का मंच और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व है। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने मनीष खंडूड़ी को शुभकामनाएं दीं। भाजपा महानगर कार्यालय में हुए कार्यक्रम में खंडूड़ी ने कहा, वह निजी स्वार्थ के लिए राजनीति में नहीं आए। राजनीति में इसलिए आया कि मैं देश और उत्तराखंड के लिए कुछ करना चाहता हूं। मेरे सामने पिताजी का उदाहरण था। उनसे प्रेरित होकर मैं राजनीति में आया। गढ़वाल लोस सीट से चुनाव हारने के बाद मैं पूरे क्षेत्र में सक्रिय रहा। गांव-गांव गया, चप्पा-चप्पा छाना। मनीष खंडूड़ी ने भाजपा की सदस्यता देने पर कहा कि वह राजनीति में किसी निजी कारणों से नहीं आए है, ये उनके लिए संघर्ष का रास्ता रहा। उन्होंने कहा कि चुनाव हारने के बाद गढ़वल सीट जहां छोड़कर आया हूं वहां भी अच्छे लोग हैं। लेकिन राज्य के विकास को आगे बढ़ाने के लिए भाजपा ही सही प्लेटफार्म है। मैं ना टिकट के लिए आया हूं और ना ही पद मांगा। मैं किसी निजी स्वार्थ के लिए भाजपा में नहीं आया हूं। मैं प्रधानमंत्री मोदी से प्रभावित हूं। उनका उत्तराखंड से विशेष लगाव है। राज्य के विकास में उनका अहम योगदान है। भाजपा में शामिल हुए मनीष खंडूड़ी ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा, राहुल गांधी अच्छे आदमी हैं, लेकिन देश का नेतृत्व कोई कर सकता है तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही हैं। कहा, वह जिस पार्टी को छोड़कर आए हैं, वहां भी अच्छे लोग हैं। उन्होंने हरीश रावत, प्रीतम सिंह, यशपाल आर्य, करण माहरा, रंजीत रावत के नाम लिए। कहा लेकिन मैंने इस यात्रा में एक चीज सीखी है कि इस देश को और उत्तराखंड को कोई आगे बढ़ा सकता है तो वह भाजपा है। कहा, अगर कोई प्लेटफार्म इस देश में है तो वह भाजपा का प्लेटफार्म है। कांग्रेस के पैनल में गढ़वाल सीट से नाम शामिल होने के बावजूद पार्टी छोड़ने के सवाल पर कहा, न तो मुझे 2019 में टिकट की चाह थी। न ही 2022 में टिकट मांगा। कहा, मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि मेरे परिवार पर भाजपा का बहुत अहसान है। मेरे पिता को दो बार मुख्यमंत्री बनाया। मेरी बहन को विस का अध्यक्ष बनाया।

# अब पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी राणा ने भी छोड़ी कांग्रेस

देहरादून। कांग्रेस की प्रदेश महासचिव व रुद्रप्रयाग की पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी राणा ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। कहा, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच की कार्रवाई में कांग्रेस ने उनका साथ नहीं दिया। लक्ष्मी पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत की करीबी मानी जाती हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष को भेजे त्यागपत्र में लक्ष्मी ने कहा, वह 27 साल से ज्यादा समय से पार्टी से जुड़ी रही हैं। 1998 में उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस की प्रदेश महामंत्री रहीं। 1997 से 2001 तक कांग्रेस पार्टी से ब्लॉक प्रमुख जखोली रहीं। 2002 से 2007 तक उपभोक्ता फोरम की सदस्य राज्यमंत्री के तौर पर सेवाएं दीं। 2014 से 2019 तक कांग्रेस पार्टी से जिला पंचायत अध्यक्ष रुद्रप्रयाग रहीं। 2017 में रुद्रप्रयाग विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी रही तो 2018 से लगातार प्रदेश महामंत्री पद पर सेवाएं दे रही हैं। कहा, पिछले दिनों राजनीतिक द्वेष के चलते ईडी कार्रवाई हुई थी। मैं जानती हूं कि ये कानूनी प्रक्रिया है, लेकिन पार्टी की तरफ से मेरे खिलाफ हुई इस कार्रवाई में न तो कोई प्रतिक्रिया आई और न ही किसी ने मुझे इस दुख की घड़ी में ढांढस बंधाया। कहा जिस पार्टी के लिए मैंने हजारों महिलाओं, युवाओं को दिन-रात मेहनत करके जोड़ने का प्रयास किया, लेकिन किसी ने भी इस संकट की घड़ी में मेरा साथ नहीं दिया। उन्होंने लिखा, जिस कांग्रेस पार्टी के लिए मैंने अपना जीवन खपाया, उसमें रहने का अब कोई औचित्य नहीं है, इसलिए दुखी मन से सदस्यता से त्यागपत्र दिया है।



# प्रचार वाहनों को किया रवाना

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग उधम सिंह नगर द्वारा मिशन शक्ति योजना के अंतर्गत संचालित समस्त योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु प्रचार वाहन को मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी व्योमा जैन द्वारा जनपद के समस्त प्रमुख स्थानों में प्रचार हेतु हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। वाहन के द्वारा विभाग द्वारा संचलित योजनाएं, वन स्टॉप सेंटर, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, महिला हेल्प लाइन,नंदा गौरा योजना,पोषण अभियान, मिशन शक्ति जिला हब द्वारा संचालित समस्त योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जायेगा। कार्यक्रम में मिशन शक्ति से किशन सिंह मेहरा, बाल विकास परियोजना अधिकारी आशा नेगी, सुपवाइजर आशा जोशी,सोनाली, आदि उपस्थित थे।



# संजीव शर्मा बने चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक

रूद्रपुर । भाजपा के पूर्व नगर कोषाध्यक्ष डॉ संजीव शर्मा को चिकित्सा प्रकोष्ठ का जिला सह संयोजक बनाया गया है। डॉ संजीव शर्मा इससे पहले नगर कोषाध्यक्ष के साथ ही चिकित्सा प्रकोष्ठ के नगर संयोजक भी रह चुके हैं। उन्होंने चिकित्सा प्रकोष्ठ का जिला सह संयोजक नियुक्त होने पर कहा कि पार्टी ने जो भी जिमेदारी सौंपी है। उसे पूरी ईमानदारी से निभाते हुए पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे और आगामी लोक सभा चुनाव में पार्टी का परचम लहराने के लिए पार्टी हाई कमान के दिशा निर्देश के रूप में काम किया जायेगा। जिला सह संयोजकचिकित्सा प्रकोष्ठ नियुक्त होने पर डॉ संजीव शर्मा ने प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भटट, चिकित्सा प्रकोष्ठ के परदेस अध्यक्ष डॉ रणजीत सिंह गिल,प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, विधायक शिव अरोरा, जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, महामंत्री अमित नारंग, नगर अध्यक्ष धर्मसिंह कोली समेत नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।



# रेस्क्यू मोबाइल वैनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने आज राज्य में महिलाओं एवं किशोरियों की सुरक्षा एवं समस्त आयामों के सुदृढ़ीकरण हेतु प्रचार प्रसार एवं रेस्क्यू मोबाइल वैनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह मोबाइल वैन राज्य के जनपदों में गांव-गांव जाकर केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा महिलाओं एवं किशोरियों से सम्बन्धित संचालित समस्त योजनाओं का प्रचार-प्रसार सुनिश्चित कर उन योजनाओं का लाभ लाभार्थियों तक पहुंचाने का प्रयास करेगी। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार महिला, किशोरियों व बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव कटिबद्ध है तथा महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग की यह पहल सराहनीय है। इस दौरान मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, सचिव श्री चंद्रेश कुमार यादव, अपर सचिव प्रशांत कुमार आर्य, उप निदेशक श्री विक्रम सिंह, मुख्य परिवीक्षा अधिकारी श्री मोहित चौधरी, राज्य परियोजना निदेशक सुश्री आरती बलोदी, सहित सम्बन्धित पदाधिकारी एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

# कांग्रेस की गारंटी पर युवाओं को भरोसा: लोहनी

रामनगर(उद संवाददाता)।लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा कांग्रेस के साथ सभी राजनीतिक पार्टियों ने मतदाताओं को रिझाने के लिए अभी से ही वादे करने शुरू कर दिए हैं। रविवार को युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुमित लोहनी ने आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि आज देश व प्रदेश का युवा रोजगार को लेकर दर-दर की ठोकरे खा रहा है लेकिन युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान केंद्र व राज्य की सरकारों ने युवाओं को केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया। चुनाव से पहले रोजगार देने के वादे किए लेकिन सत्ता में आसीन होने के बाद सरकार युवाओं



से किए वादे को भूल गई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने युवाओं की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए इस बार देश में सरकार बनने पर युवाओं को युवा न्याय गारंटी के तहत पांच वादे किए हैं। जिसमें 30 लाख सरकारी पदों पर तत्काल स्थाई नियुक्ति की गारंटी, पेपर लीक से मुक्ति सहित युवाओं को पांच गारंटी दी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष की इस पहल से देश और प्रदेश का युवा कांग्रेस में अपना विश्वास जताते हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करेंगे। उन्होंने कहा कि इस बार देश में देश की जनता भाजपा के खिलाफ वोट कर कांग्रेस को मजबूत करेगी।

# हाईकोर्ट रामनगर में स्थापित करने की मांग को लेकर होगा आंदोलन


रामनगर(उद संवाददाता)। रामनगर में हाई कोर्ट की स्थापना किए जाने की मांग जोर पकड़ने लगी है। जन मंच की पत्रकार वार्ता में अधिवक्ता अतुल अग्रवाल ने बताया कि पूर्व में हाई कोर्ट का निर्माण हल्द्वानी में किए जाने का प्रस्ताव था लेकिन हल्द्वानी में जिस स्थान पर हाई कोर्ट की स्थापना होनी थी वहां पर केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय द्वारा वन भूमि होने का हवाला देते हुए इस पर आपत्ति दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि हाई कोर्ट के लिए रामनगर सबसे उपयुक्त स्थान है। क्योंकि यह कुमाऊं वह गढ़वाल के साथ ही तराई का भी प्रवेश द्वार है। रामनगर में बेहतर सड़कों के साथ ही रेल का




संचालन भी पर्याप्त है। रामनगर के ग्राम पीरुमदारा क्षेत्र में आम पोखरा तथा धनपुर गुंसाई इलाके में राजस्व विभाग की 35 एकड़ भूमि है जिसमें हाई कोर्ट की स्थापना पूरी तरह हो सकती है तथा सरकार को इस स्थान पर हाईकोर्ट बनाने में किसी भी प्रकार की कोई ना तो परेशानी होगी और ना ही किसी विभाग से एनओसी लेने की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार रामनगर में बड़ी रेल लाइन लाइनों को लेकर एक बड़ा आंदोलन कई वर्षों पहले किया गया था उसी प्रकार सभी के सहयोग से एक बार फिर हाई कोर्ट रामनगर में बनाए जाने को लेकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# प्रदीप जिलाध्यक्ष और शिव युवा व्यापार मंडल के महामंत्री मनोनित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल द्वारा युवा जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता की संस्तुति पर जिला महामंत्री हर्ष वर्द्धन पांडे द्वारा युवा जिलाध्यक्ष के रूप में प्रदीप सब्बरवाल और युवा जिला महामंत्री पद पर शिव कपूर को मनोनीत किया गया। उनके मनोनय पर प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्र शेखर पंत, प्रदेश कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, प्रदेश मंत्री रूपेंद्र नागर, प्रदेश मंत्री शांति जीना, प्रदेश संगठन मंत्री हितेंद्र भसीन, मदन फर्त्याल, दिगंबर वर्मा, प्रदेश संयुक्त महामंत्री नवनीत राणा, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविंद्र बोरा, पंकज कंसल, नदीम खान, जिला कोषाध्यक्ष लाला



जायसवाल, सह जिला कोषाध्यक्ष विजय तिवाड़ी, जिला उपाध्यक्ष मुरली मनोहर मुलानी, प्रमोद भट्ट, महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा, महानगर महामंत्री मनोज जायसवाल, जिला महिला अध्यक्ष कुसुम दिगारी, महामंत्री उर्वशी बोरा, युवा महानगर अध्यक्ष पवन वर्मा, काठगोदाम नगर अध्यक्ष गोविंद भाकुनी, महामंत्री भुवन जोशी,देवल्चोड अध्यक्ष पंकज प्रफुल्ल पांडे सहित व्यापारी प्रतिनिधियों ने बधाई दी।दोनों नवनियुक्त पदाधिकारी द्वारा संगठन का आभार व्यक्त करते हुए संगठन के संविधान का अनुश्रवण कर व्यापारी हितों के लिए संघर्ष करने की अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की और कहा कि जल्द ही युवा जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया जायेगा।

# अनुसूचित दर्जा देने की मांग को लेकर बंगाली समाज हुआ एकजुट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। राज्य में निवासरत बंगाली समुदाय को अनुसूचित जाति का दर्जा दिए जाने की मांग की लेकर बंगाली समाज ने जोरदार



आवाज उठाई है। आज खेड़ा में प्रादेशिक बंगाली कल्याण समिति की बैठक आयोजित हुई। जिसमें वक्ताओं ने कहा कि इस संदर्भ में न्यायालय में भी याचिका दाखिल की गई है साथ ही शासन प्रशासन स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। बैठक को चंद्रशेखर गांगुली, प्रेमानंद महाजन, जीवन राय, ममता हालदार, सुभाष व्यापारी, आशुतोष राय, एस पी सरकार, परिमल राय आदि ने संबोधित किया। इस दौरान संजय आइस, दिलीप अधिकारी, अमित वैध, विकास सरकार, मानस बैरागी, अशोक विश्वास, अशोक राय, अर्जुन विश्वास, निमाई मंडल, करन ढाली, सपन राय, अशोक घोष, अनूप राय, भूपति रंजन, विमल घरामी, निशिकांत राय, देवानंद स्वर्णकार, कृष्ण पद, जगदीश कर्मकार, नरेश तपाली, परिमल विश्वास, निखिलेश घरामी आदि मौजूद थे।

# शिव मंदिर में विशाल भंडारा आयोजित

गूलरभोज(उद संवाददाता)। महाशिवरात्रि पर शिव मंदिर रेलवे फाटक के पास भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉक्टर कुलदीप रघुवंशी, संजीव गुप्ता, बिजेंद्र यादव, इंदर सिंह राठौड़, बाबूराम, अमित गुप्ता, महेंद्र पानू, ओमप्रकाश डोगरा, हरेंद्र तोमर, लक्ष्मण गिरि, बिट्टू यादव, हरीश छाबड़ा, विजय कुमार, आशु रघुवंशी, रामकिशन दहूजा आदि लोग उपस्थित थे।



# मातृशक्ति को किया सम्मानित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। साहू समाज धर्मशाला इंदिरा नगर में महिला दिवस के अवसर पर समाज की कुछ विशिष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओम प्रकाश साहू व महामंत्री रामबाबू साहू ने संयुक्त रूप से की कार्यक्रम में महिला अध्यक्ष शिवपति साहू, आजीवन संरक्षक बाबूलाल साहू, संरक्षक दशरथ प्रसाद साहू, महिला



महामंत्री कुसुमा साहू, कोषाध्यक्ष बृजेश कुमार, उपाध्यक्ष सतीश साहू, उप महामंत्री पन्नालाल साहू, कार्यक्रम संयोजक शशि साहू व मुकेश साहू ने सहभागिता की। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया तथा मातृशक्ति के योगदान को नमन किया गया। अंत में महिलाओं को पारितोषिक देकर कार्यक्रम का समापन अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू ने किया।

# हरू जोशी का गीत किया लांच

टनकपुर। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने टनकपुर स्थित मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में स्थानीय जनता से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी और समस्याओं के तुरंत निराकरण का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जन समस्याओं को प्राथमिकता से निस्तारित करने के निर्देश



दिए। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री धामी ने सूचना एवं लोक संपर्क विभाग चंपावत द्वारा प्रकाशित विकास पुस्तिका 2024 का विमोचन किया और पुस्तिका के प्रकाशन पर विभाग की सराहना भी की। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने कुमाऊँनी लोकगायक हरु जोशी द्वारा यूटयूब पर बनाना गया गीत भी लॉन्च किया। इसके पहले मुख्यमंत्री ने वन विकास निगम के अध्यक्ष श्री कैलाश गहतोड़ी के आवास पर जाकर उनके परिजनों से भेंट की एवं वरिष्ठ भाजपा नेता रोहतास अग्रवाल के आवास पर जाकर उनका भी हालचाल जाना।

# मौसम में बदलाव से अस्पताल में लग रही खांसी, जुकाम के मरीजों की भीड़

सितारगंज(उद संवाददाता)। मौसम में उतार चढ़ाव ने वायरल के रोगियों की संख्या अस्पताल में 10 फीसद तक बढ़ा दी है। प्रतिदिन उप जिला चिकित्सालय के डॉक्टरों के पास सर्दी, खांसी, जुकाम के मरीज उपचार कराने पहुंच रहे है। वायरल रोगियों को स्वस्थ्य होने में भी एक सप्ताह की तुलना में डेढ़ सप्ताह से अधिक का समय लग रहा है। उप जिला चिकित्सालय के डा. अतुल कुमार ने बताया कि मौसम में बदलाव के कारण रोगियों में वायरल के लक्षण देखे जा रहे है। जिसमें सर्दी, खांसी, जुकाम के मरीजों के संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। उन्होंने बताया कि गर्मी का मौसम शुरु हो रहा है। ऐसे में आमजन दैनिक दिनचर्या में मौसम के अनुरुप बदलाव की जरुरत है। मौसम में हल्की ठंडक बने के कारण बुजुर्ग, बच्चें को ठंडे खाद्य पदार्थों के सेवन से दूर रखा जाए। फिलहाल गर्मी से राहत देने वाले उपकरणों से आमजन कुछ दिन तक दूरी बनाए रखे। जिससे मौसम का बदलाव उनके स्वास्थ्य पर विपरीत असर न कर सके।

## पेज एक का शेष...

**धामी ने दी...**अपील की। उन्होने कहा कि टनकपुर से देहरादून रेल सेवा प्रारम्भ की है जिससे धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, इसके लिए उन्होने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केन्द्र सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रेरणा एवं सहयोग से उत्तराखण्ड स्वर्णिम विकास किया जा रहा है, उन्होने कहा कि मोदी सरकार द्वारा समाज के हर वर्ग के कल्याणकारी योजनाऐं चलाई जा रही है, इसके लिए भी मोदी सरकार का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में रूद्रपुर से वर्चुअली जुड़े जिलाधिकारी उदय राज सिंह द्वारा नगर निगम के ब्राण्ड एम्बेस्डर डॉ0 आशुतोष पंत, सहकारिता विभाग द्वारा दिनेशपुर सहकारी समिति की देवेन्द्र कौर व दलविन्दर सिंह को केसीसी डेयरी के अन्तर्गत 1.60 लाख-1.60 लाख तथा बाजपुर सहकारी समिति के बृजेश को पोल्ट्री वैली योजना के अन्तर्गत 1 लाख व अभिषेक को दीनदयाल डेयरी योजना के अन्तर्गत 1 लाख का ब्याजमुक्त ऋण चैक वितरित किये गये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, उपजिलाधिकारी गौरव पाण्डे, परियोजना निदेशक अजय सिंह, मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा, डीएसटीओ नफील जमील, एसीएमओ डॉ राजेश, मुख्य उद्याान अधिकारी भावना जोशी, समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, डीपीओ व्योमा जैन, अधिशासी अभियन्ता पेयजल ज्योति पालनी, जल संस्थान तरूण शर्मा, पर्यटन अधिकारी लता बिष्ट, सहायक निदेशक डेयरी राजेन्द्र चौहान, सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल सहित अनेक अधिकारी व लाभार्थी मौजूद थे।

15 **लाख की नगदी...**अग्रवाल पुत्र ओमप्रकाश अग्रवाल निवासी सतीष कलौनी हीरानगर के कब्जे से कुल 50 हजार रूपये नगद एवं एक मोबाइल फोन फोन एक लैपटॉप व चार्जर और मौ० कामिल पुत्र नाजिम खाँ निवासी ला०न० 18 लाल स्कूल के पास थाना वनभूलपुरा के कब्जे से कुल 2 लाख 50 हजार रूपये नकद व एक अदद मोबाइल फोन बरामद कर सभी को गिरफ्तार कर लिया। एसपी सिटी ने बताया कि सट्टा सरगना मनोज कुमार गुप्ता रामपुर रोड के खिलाफ पहले भी एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज है। पकड़े गये सटोरियों द्वारा लोगों को ग्राहक बनाकर धनराशि लेकर मैचों में लिमिट बनाकर फिक्सिंग के माध्यम से ऑनलाईन व ऑफलाईन दोनो प्रकार की सट्टेबाजी का कारोबार किया जा रहा था। इसके लिये सरगना मनोज द्वारा मंगलपडाव स्थित अपने घर को जुआघर के रूप में उपयोग में लिया जा रहा था। पुलिस टीम में एसआई संजीत राठौर, ललित कुमार, चंदन नेगी, संतोष बिष्ट और हितेंद्र वर्मा शामिल रहे।

**महिला से दुष्कर्म...**माल सुरक्षा की गुहार लगाई। चौकी प्रभारी रम्पुरा नवीन बुधानी ने बताया कि पुलिस महिला की तहरीर पर जांच कर रही है। जांच के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा। फिलहाल पुलिस की जांच जारी है।

# कोसी में गिरा ट्रैक्टर, चालक की मौत

नैनीताल। गरमपानी के खैरना रानीखेत स्टेट हाइवे में शुक्रवार की रात ट्रैक्टर कोसी नदी में गिरने से चालक की मौत हो गई। शनिवार को हादसे की खबर मिलते ही राजस्व पुलिस की मदद सें युवक को सीएचसी गरमपानी ले जाने पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। गरमपानी के खैरना रानीखेत स्टेट हाइवे में शुक्रवार की रात ट्रैक्टर कोसी नदी में गिरने से चालक की मौत हो गई। शनिवार को हादसे की खबर मिलते ही राजस्व पुलिस की मदद सें युवक को सीएचसी गरमपानी ले जाने पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए रानीखेत भेजा गया। हल्द्वानी से द्वाराहाट की तरफ नया ट्रैक्टर खरीदकर लेकर जा रहा धीरज सिंह नेगी (34) निवासी इड़ा, बाराखाम द्वाराहाट भुजान का ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर कोसी नदी में गिर गया। हादसे में चालक सड़क में अचेत अवस्था में पड़ा रहा। शुक्रवार की रात साढ़े आठ बजे धीरज की अंतिम बात परिजनों से होने पर उसने कहा वह अभी खैरना में हैं। शनिवार की सुबह हादसे की खबर मिलते राजस्व पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस धीरज को सीएचसी गरमपानी लेकर गई, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पटवारी पंकज फर्त्याल, कुंदन लाल,कुबेर सिंह मेहरा ने बताया घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई हैं। शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए रानीखेत भेजा जा रहा है।

# चिरपतकोट में भव्य शिवमहापुराण यज्ञ 11 से

कपकोट(उद संवाददाता)।श्री सनातन सेवा ट्रस्ट दिल्ली के तत्वाधान, भगवती माता, गुरु गोरखनाथ और बाण देवता मंदिर कमेटी चिरपतकोट के सहयोग से धाम में 11मार्च से शुरू हो रहे सात दिवसीय संगीतमय शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ की तैयारियां पूरी हो गई हैं। शुभारंभ पर प्रात: आठ बजे महिलाएं गाजे बाजे के रंगोली पहनकर सरयू का जल कलशों में भरकर शिव मंदिर में जलाभिषेक करके भगवती मंदिर पोथिंग की परिक्रमा के बाद पावन धाम पहुंचकर श्री भगवान का जलाभिषेक करेंगी। प्रात: पंचागी, पूर्वांगी कार्यक्रम के बाद अंतराष्ट्रीय कथाकार आचार्य कौस्तुभानंद जोशी कथा शुरू करेंगेस मंदिर में पहली बार आयोजित संगीतमय शिव पुराण को लेकर लोगों में खुशी का माहौल है।कमेटी के व्यवस्थापक जमन सिंह बिष्ट, संयोजक गणेश चंद्र उपाध्याय ने बताया अनुष्ठान की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने लोगों से कथा सुनने और रोजाना लगने वाले भंडारा चखने आने को कहा हैस अनुष्ठान को भव्य और दिव्य बनाने में कमेटी को पूरा सहयोग देने की अपील की है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा  समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# उत्तराखंड 'हाईकोर्ट' के लिए 'रामनगर' सबसे बेहतर स्थान

## भूमि के अलावा सारी सुविधाएं और संभावनायें यहां मौजूद

रामनगर (उद संवाददाता)। हल्द्वानी स्थित गोला पार में प्रस्तावित उच्च न्यायालय का प्रस्ताव अस्वीकृत हो जाने के बाद अब रामनगर में हाईकोर्ट की सम्भावनायें बढ़ गयी है। स्थानीय अधिवक्ताओं के अलावा आम जनमानस की मंशा है कि उत्तराखण्ड का हाईकोर्ट के लिए रामनगर से बेहतर कोई उपयुक्त स्थान अन्य नही हो सकता। गौलापार में भूमि हस्तांतरण में पर्यावरण मंत्रालय द्वारा दिलचस्पी न दिखाने के बाद अब हाईकोर्ट के लिए बहुमंजिले निर्माण का सुझाव दिए जाने के बाद कुमाऊ और गढ़वाल का प्रवेश द्वार रामनगर का दावा भी नैनीताल उच्च न्यायालय के लिए विकल्प के रूप में आ सकता है। जहां तक उपयुक्त भूमि का सवाल है रामनगर में आमपोखरा, सावल्दे आदि स्थानों पर राजस्व विभाग की पर्याप्त भूमि उपलब्ध है,रामनगर के हल्दुआ क्षेत्र में बेलवाल स्पीनिंग मिल की भूमि भी एक अच्छा स्थान हो सकता है। इसका स्वामित्व सिडकुल के पास है। रामनगर में हाईकोर्ट स्थापित करने के लिए अधिवक्ता व स्थानीय नागरिक अपने अपने तरह से तर्क देते है। भाजपा नेता गणेश रावत कहते है कि यह स्थान कुमाऊ ओर गढ़वाल के अधिकांश जिलो से समान दूरी पर है,रावत कहते है कई दफा हरिद्वार व देहरादून में हाईकोर्ट की बेंच उठाने की मांग उठी है रामनगर में हाईकोर्ट बन जाने से यह मांग भी शांत हो जाएगी क्योकि रामनगर दोनों जगहों से कुछ घण्टे की दूरी पर स्थित है। वहीं अधिवक्ता पूरन नैनवाल कहते है कि कुमाऊं की तलहटी और पौड़ी से सटा होने से दोनों मण्डलों के केंद्र में स्थित



रामनगर सबसे उपयुक्त है। यहाँ सड़क और रेल से जुड़ा होने और दिल्ली से भी सीधी आवाजाही है,रामनगर में हाईकोर्ट आने से कुमाऊं के साथ साथ गढ़वाल और देहरादून हरिद्वार के वादियों का समय भी बचेगा, साथ ही अवस्थापना विकास के लिए यहाँ ज्यादा संभावना है। ऐसे में इससे बेहतर विकल्प नहीं हो सकता,वे कहते है यहां सीलिंग की 20 एकड़ से ज्यादा भूमि भी उपलब्ध है वहीं अधिवक्ता व राज्य आन्दोलनकारी प्रभात ध्यानी कहते है कि रामनगर में हाई कोर्ट बने इसकी मांग भी रामनगर के अधिवक्ता समेत नागरिक संगठन कर रहे है,वे कहते है जिसको लगभग कई क्षेत्रों के बार एसोसिएशन का समर्थन भी मिल रहा है कि रामनगर में सरकारी भूमि का प्रयोग इसके लिए हो सकता है, साथ ही हाई कोर्ट आने से रामनगर का विकास भी होगा क्योकि राज्य की सबसे बड़ी न्यायपालिका होने के कारण रामनगर पर सरकार और प्रशासन भी प्रमुखता से जिम्मेदारी निभाएंगे। अधिवक्ता हिमांशु अग्रवाल का कहना है कि रामनगर में हाई कोर्ट की स्थापना होने से यहां कानून व्यवस्था के साथ साथ रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा क्योंकि उच्च न्यायालय स्थापित होने पर वादकारी और अधिवक्ताओं के रहने ओर रोजमर्रा के यापन के लिए भी व्यवस्था करनी पड़ेगी जो रोजगार के लिए बेहतर विकल्प होगा।

# कैदियों और सिपाहियों के बीच हुआ क्रिकेट मुकाबला

## सिपाही जीते, जेल दिवस पर केंद्रीय कारागार में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

सितारगंज (उद संवाददाता)। केंद्रीय कारागार सम्पूर्णानंद शिविर में जेल दिवस पर कैदियों, सिपाहियों के बीच किक्रेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें सिपाहियों की टीम विजयी रही। इस दौरान कैदियों ने रंगारंग, सांस्कृतिक, देशभक्ति कार्यक्रम आयोजित किए। जिला जज प्रेम सिंह खिमाल, सीजीएम मो युसूफ ने कैदियों की प्रस्तुति और जेल परिसर में साफ सफाई और स्वच्छ वातावरण को लेकर जेल विभाग की सराहना की। सेंट्रल जेल में जेल दिवस पर कैदियों ने देशभक्ति नाटक, रंगारंग, सांस्कृतिक आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य



अतिथि जिला जज प्रेम सिंह खिमाल, सीजीएम मो यूसूफ, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव पाठक, एसएसबी कमाडेंट मौजूद रहे। इस दौरान कैदियों ने पर्वतीय नृत्य, कामेडी, पंजाबी भांगड़ा आदि पर बेहतरीन प्रस्तुति दी। कैदियों के बीच खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिला जज प्रेम सिंह खिमाल ने कैदियों की प्रस्तुति एंव जेल परिसर में साफ सफाई, कैदियों ने लकड़ी में उकेरी आकर्षक चित्रकारी व स्वच्छ वातावरण को लेकर जेल प्रशासन की सराहना की। वरिष्ठ जेल अधीक्षक अनुराग मलिक ने जिला जज, सीजीएम आदि के साथ जेल के बैरकों, व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी कराया। इस दौरान जिला जज ने कैदियों से संवाद भी किया। इस दौरान जेल परिसर में शिक्षाध्यापक मुनीश गुप्ता ने कविताएं प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। इस मौके पर प्रभारी जेलर अनिल कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

# तमंचा कारतूस सहित एक गिरफ्तार

जसपुर (उद संवाददाता) कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान एक मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त को अवैध तमंचा कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम द्वारा गश्त के दौरान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पास पुलिया से संदिग्ध रूप से घम रहे एक युवक को घेराबंदी कर पकड लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता नितिन कुमार पुत्र रामलाल निवासी पतरामपुर थाना जसपुर बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक



अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि नितिन द्वारा 8 मार्च को रमन पुत्र खुब सिंह निवासी ग्राम पतरामपुर को घर मैं जाकर तमंचे से धमकाया गया था जिस संबंध में मुकदमा पंजीकृत है।

# बेहड़ आज शाम करेंगे करोड़ों के विकास कार्यों का लोकार्पण

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। वार्ड नंबर एक के निवर्तमान पार्षद सुरेश गौरी ने बताया कि किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ रुद्रपुर की विभिन्न कॉलोनियों में आज शाम करोड़ों के विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। शाम पांच बजे किच्छा



विधायक तिलकराज बेहड़ कई विकास कार्यों का लोकार्पण करने के लिए पहुंचेंगे। श्री गौरी ने बताया कि पूर्व विधायक तिलकराज बेहड़ द्वारा बिना किसी भेदभाव के विकास कार्यों धरातल पर उतार रहे हैं। जिसके फलस्वरूप जनता का उन्हें बेहद प्यार मिल रहा है। लोकार्पण के दौरान क्षेत्र की जनता द्वारा बेहड़ का भव्य स्वागत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विधायक निधि से जनपथ मार्ग की डेढ़ किलोमीटर सड़क, बनखंडी में 900 मीटर सड़क, जेष्ठा कॉलोनी में 100 मीटर, फुलसुंगी 100 मीटर, श्मशान घाट की बाउंड्री, फुलसुंगा में छठ घाट का निर्माण, आनंदविहार कॉलोनी में पार्क की बाउंड्री व सुखनगर कॉलोनी में मंदिर में टीन शेड का निर्माण किया गया है। उन्होंने कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों से पहुचने की अपील की है।

# श्री दूधिया बाबा मंदिर में विशाल भंडारा आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महाशिवरात्रि के अवसर पर आज किच्छा रोड़ पर स्थित श्री दूधिया बाबा सन्यास आश्रम के तत्वाधान में श्री दूधिया बाबा मंदिर में विशाल भेंडारा का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के महंत श्री श्री 108 स्वामी शिवानन्द जी महाराज ने बताया कि मंदिर में पिछले कई वर्षों से महाशिवरात्रि पर्व पर भंडारा आयोजित किया जाता है। जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु तन मन धन से सहयोग करते हैं। उन्होंने कहा कि इस मंदिर की दूर दूर तक मान्यता है प्रतिदिन दूर दराज कै लोग यहां पूजा अर्चना कर अपनी मुरादें पूरी करते हैं। भंडारे में विधायक शिव अरोरा, स्नेहपाल सिंह, डालचन्द, झम्मन लाल, हरनाम चौधरी, अशोक सिंघल, विजय भूषण गर्ग, मनीष अग्रवाल, गजेन्द्र सिंह, भगवान सहाय, सुरेश पाण्डे, अनिल शर्मा, प्रदीप बंसल, दिवाकर पाण्डेय, मंगला प्रसाद तिवारी, श्याम गुप्ता, जुगल बल्लभ गोस्वामी, पूजा गोस्वामी, अनुज शर्मा, सुशील शर्मा, सागर शर्मा, कार्तिक शर्मा, अभय शर्मा, सोनू शर्मा, मीना शर्मा, शीला देवी, महेन्द्री शर्मा, सोनी शर्मा, गुड़िया शर्मा, रिचा शर्मा सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।





